दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली I I गुरुवार 19 सितम्बर -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 340 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## जम्मू-कश्मीर में शाम 5 बजे तक 58.19% मतदान

### किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23% वोटिंग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले फेज के लिए बुधवार शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई। आज 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत 58.19% रहा। फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। शाम 5 बजे तक आए आंकड़ों के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23% और पुलवामा में सबसे कम 43.87% वोटिंग हुई। आज 23.27 लाख वोटर्स को मतदान करना था।



बिजबेहरा विधानसभा सीट से पीडीपी की प्रत्याशी इल्तिजा मुफ्ती ने वोट डाला, वे पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी हैं। किश्तवाड़ से बीजेपी की कैंडिडेट शगुन परिहार ने भी वोट डाला। शगुन ने आरोप लगाया था कि किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ले में बिना पहचान पत्र के वोट डलवाए गए। इसके बाद माहौल गर्म हो गया, जिसके चलते कुछ देर वोटिंग रुकी रही।

पहले फेज की वोटिंग को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने भी वोट डाले। उनके लिए कुल 24 स्पेशल बूथ बनाए गए थे। दिल्ली 4, जम्मू 19 और उधमपुर में 1 बूथ था। 2014 में पहले फेज में 22 सीटें पर हुई थी वोटिंग साल 2014 के विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में दक्षिण कश्मीर की 22 सीटों पर चुनाव हुए थे।

## डबल इंजन की सरकार, डबल स्पीड से कर रही है काम

# युवाओं और सिटी दोनों को बनाया जा रहा है स्मार्ट : योगी

**सीएम ने 10,000 युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र**

**समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर योगी आदित्यनाथ ने साधा निशाना**
**कहा - अखिलेश और राहुल भस्मासुर जैसे इन्हें शक्तियां मिलती हैं तो सिर्फ जनता को लूटा जाता है**

**757 करोड़ की 111 विकास परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण और शिलान्यास**

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को भारी बारिश के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के रामलीला घंटाघर मैदान पहुंचे और उन्होंने यहां 10,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने का उपहार दिया। सीएम योगी ने कहा युवाओं के साथ सरकार है और अब युवाओं और सिटी दोनों ही स्मार्ट बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान 632 लाभार्थियों को 327 करोड़ रुपए का ऋण वितरण कर स्वावलंबी बनाने का भरोसा जताया है। तो 757 करोड़ रुपए की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में ही अब रोजगार मिल रहा है और गाजियाबाद यूपी में रोजगार देने वाला सबसे बड़ा जनपद बनेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार, डबल स्पीड से काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार युवाओं को रोजगार देने का भी सपना साकार कर रही है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में दो करोड़ युवाओं को टैबलेट दिए जाएंगे ताकि वह तकनीकी रूप से मजबूत हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि युवाओं को उद्यमी बनने के लिए जल्द कई और उद्यमी स्कीम शुरू की जानी हैं। आने वाले दिनों में उन्होंने गाजियाबाद में एम्स जैसे मॉडल पर अस्पताल बनाए जाने का भरोसा जताते हुए कहा है कि अब उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी, दंगे, अराजकता चरम पर थी। सपा नेता माफियाओं के सामने नाक रगड़ते थे, उनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। यह धर्माचार्यों को माफिया कहते हैं, अखिलेश यादव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमला यहीं तक नहीं बोला। उन्होंने बताया कि किस तरीके से किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जाता था और कैरना से व्यापारी पलायन कर गए थे और कांधला तो कभी भुलाया ही नहीं जा सकता है।





सभी फोटो : वरुण लाहोरिया

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में ही अब रोजगार मिल रहा है



### मंच पर सीएम योगी ने सबसे पहले लिया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वृहत रोजगार मेले में गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने 757 करोड़ की 111 सौगात गाजियाबाद वासियों को रिमोट कंट्रोल दबाकर सौंपने का काम किया गया है। इसके बाद जब उनके संबोधन का नंबर आया तो उन्होंने युवाओं से नारा लगवाया और कहा कि यह आवाज लखनऊ और दिल्ली तक पहुंचनी चाहिए। इसके बाद भाषण की शुरूआत करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा का नाम लिया। फिर सांसद अतुल गर्ग के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बृजेश सिंह, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मोदी नगर से विधायक मंजू शिवाच, धौलाना से विधायक धर्मेश तोमर, एमएलसी दिनेश गोयल, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश सत्येंद्र सिसोदिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा सतपाल प्रधान के साथ ही रमेश चंद्र तोमर पूर्व सांसद का नाम लेते हुए अपने भाषण की शुरूआत की।



### योगी बोले गाजियाबाद को 12 लेन का हाईवे, रैपिड ट्रेन, मेट्रो, एयरपोर्ट और अब एम्स की स्वास्थ्य सुविधाएं देंगे

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आए तो उन्होंने बताया कि बीते कुछ सालों में गाजियाबाद का माहौल बदला है। पहले जहां गंदगी और कूड़े के ढेर लगे रहते थे, अब वह सिटी स्मार्ट सिटी के रूप में बदल रही है। यहां के युवा स्मार्ट हो रहे हैं, साथ ही गाजियाबाद को 12 लेन का हाईवे की सौगात मिल चुकी है। तो देश की पहली नमो भारत रैपिड रेल भी यही शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा मेट्रो का विस्तार हो रहा है। साथ ही एयरपोर्ट जैसी सुविधा विकास विभाग को मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाले समय में गाजियाबाद को दिल्ली की तर्ज पर एम्स की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। इसका प्रस्ताव तैयार करके भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि गाजियाबाद को पूर्वांचल समाज और उत्तराखंड भवन जैसे कम्युनिटी सेंटर भी प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आस्था के क्षेत्र में भी गाजियाबाद को नई ऊंचाई मिल रही हैं। उन्होंने दूधेश्वरनाथ मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि कभी यहां कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्था होती थी लेकिन अब स्थिति बहुत बदल चुकी है।

### दो लड़कों की जोड़ी ने गुमराह किया और परिवार का ही भला किया : योगी आदित्यनाथ



करंट क्राइम : बुधवार को रोजगार मेले में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के अंदर औरंगजेब की आत्मा है। कांग्रेस सरकार राम सेतु तोड़ने का काम करती थीं, तो अयोध्या राम मंदिर पर अवरोधक बनती थी। कश्मीर में आतंकियों को पनाह दी जाती थी, वहीं सपा भी उन्हीं के नक्शे कदम पर आगे चल रही थी। गुंडागर्दी, दंगा, अराजकता सपा शासन में नजर आती थी। वहीं सीएम ने कहा है कि सपा तो माफिया के सामने नाक रगड़ती थी, उनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुसी हुई है। यह धर्माचार्यों को माफिया कहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से राहुल गांधी और अखिलेश यादव यूपी की यह दो लड़कों की जोड़ी परिवार के सिवा किसी की शुद् नहीं लेते। कभी किसी का भला नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता जनार्दन को सर्वोपरि समझा और समाज के सदुपयोग के लिए आगे आए हैं।

### टीम डीएम के नेतृत्व में सफल रहा कार्यक्रम

करंट क्राइम। रामलीला मैदान में आयोजित वृहत रोजगार मेले का आयोजन प्रशासन की ओर से किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, श्रमायुक्त सहित, एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारी बीते कई दिनों से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए मेहनत कर रहे थे। बड़ी संख्या में युवाओं और छात्रों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए लंबी प्लानिंग की गई थी। साथ ही खराब मौसम होने के बावजूद पूरा कार्यक्रम स्थल युवाओं की भीड़ से भरा हुआ था।



### मंच से बोले योगी, फोन करके कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद अतुल गर्ग से जाना था मौसम का हाल

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच से गाजियाबाद की सौगात गिनवा रहे थे और बता रहे थे कि किस तरीके से युवा यहां जोश के साथ आए हैं। उन्होंने मंच से कहा कि भले गाजियाबाद में सुबह से बारिश हो रही थी, मौसम बेहद खराब था लेकिन उन्होंने कार्यक्रम में आने का मन बना लिया था। मंच से बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को फोन करके पूछा की मौसम की क्या स्थिति है, तो बताया गया बारिश लगातार हो रही है लेकिन सुनील शर्मा और फिर इसके बाद उन्होंने सांसद अतुल गर्ग से पूछा कि कार्यक्रम में कितनी संख्या में युवा हैं, तो बताया गया कि पंडाल युवाओं से भरा हुआ है। कार्यक्रम को लेकर युवाओं और सरकारी आयोजन के इस जोश को देखने के बाद अतुल गर्ग से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम कितना भी खराब क्यों ना हो, आप गाजियाबाद कार्यक्रम में अवश्य आएंगे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकारों में मौसम खराब होने पर कार्यक्रम स्थगित कर दिए जाते थे।



### सांसद अतुल गर्ग ने योगी की मौजूदगी में दिया स्वागत भाषण

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मंच पर बड़ी संख्या में भाजपा के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री से लेकर जनप्रतिनिधि नजर आ रहे थे। कार्यक्रम में सबसे पहले भाषण की शुरूआत पूर्व सांसद रहे रमेश चंद्र तोमर से हुई। उन्होंने अपना भाषण दिया तो वहीं पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल और उत्तर प्रदेश सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री बृजेश सिंह, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी, मंजू शिवाच मोदी नगर ने अपने विचार मंच पर साझा किए थे। तो मुख्यमंत्री के आने से कुछ देर पहले ही वहां पर मेयर सुनीता दयाल ने मंच संभाला था, लेकिन मुख्यमंत्री के आगमन के बाद गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आज शिक्षा से लेकर उद्योग के क्षेत्र में गाजियाबाद यूपी में नंबर वन बन रहा है। यहां विकास की गंगा बह रही है और योगी और मोदी के नेतृत्व में जिस तरीके से सफलतापूर्वक सभी कार्य कराए जा रहे हैं, ऐसे पहले नहीं होते थे। अतुल गर्ग ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि जिस तरीके से रोजगार मेले में युवाओं, बेरोजगारों और अन्य लोगों के लिए रोजगार व ऋण देकर नई सौगात दी गई हैं, यह सभी के लिए लाभदायक है।



### मंच से बोले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, अब यूपी में अपराधी ढूंढते रह जाओगे



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कहा की अब उत्तर प्रदेश में अपराधियों को ढूंढते रह जाओगे। रोजगार का नया सृजन हो रहा है। युवाओं और बेरोजगारों को रोजगार के तमाम अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। उनको तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जा रहा है, तभी आज उनको टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित कर तकनीक से जोड़ने का काम किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार मुख्यमंत्री युवा स्कीम ला रही हैं। जिसमें 10 लाख युवाओं को पहले चरण में, 5 लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए का ब्याज मुफ्त लोन देगी। इसमें सारी एनओसी खत्म की गई हैं।

### इनको दिया गया 327 करोड़ का ऋण



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 632 लाभार्थियों को कल 327 करोड़ रुपए का ऋण वितरित करते हुए, उनके हौसले को बढ़ाने का काम किया है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से समरकूल ग्रुप के प्रमुख संजीव गुप्ता को 50 करोड़ रुपए का एमओयू सौंपा है। इसके साथ ही विभा श्रीवास्तव को 10 लाख रुपए का चेक दिया गया है। अमन गर्ग को 25 लाख रुपए, तो वही प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत मोनू को 20,000 हजार रुपये का चेक, कुणाल गौतम को भी बीस हजार रुपये। वहीं एमएसएमई के तहत 25 लाख रुपए खिलौने बनाने के लिए शिवानी अग्रवाल को दिए गए हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख रुपये दीपिका शर्मा को सिलाई मशीन बिजनेस के लिए प्रदान किए गए हैं।

### जब मुख्यमंत्री ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को बुलाया अपने बराबर में, सब रह गए हैरान



करंट क्राइम : गाजियाबाद के लोनी से विधायक और हमेशा अपनी तीखी बयानबाजी के लिए जाने जाने वाले विधायक नंदकिशोर गुर्जर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में अपने बराबर में बुलाकर सभी को हैरान कर दिया। यह मौका सभी के लिए देखने लायक था, जब विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इशारा किया, वह थोड़ा उनसे दूर थे, तो अपने पीछे से बुलाया और विधायक नंदकिशोर गुर्जर को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल व सुनील शर्मा के बराबर में लाकर खड़ा किया गया। बता दें की विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार अपने बयान देते रहते हैं। वह पुलिस सिस्टम से लेकर अधिकारियों के तानाशाह रवैया की आलोचना करते हैं।

### एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने संभाले रखी सुरक्षा की कमान



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। बारिश के बावजूद यातायात से लेकर सिविल पुलिस के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी दे रहे थे। खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र मंच के बराबर में डी घेरे के अंदर मौजूद थे। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी सुरक्षा की पूरी कमान खुद संभाले हुए थे। पुलिसकर्मियों के साथ कार्यक्रम स्थल की चप्पे-चप्पे का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के आलाधिकारी वीवीआईपी प्रोग्राम के चलते सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहे।

### इनको दिए गए नियुक्ति पत्र

करंट क्राइम : अलग-अलग नौकरी पाने वालों को मुख्यमंत्री द्वारा अपने मंत्रिमंडल के विधायकों के साथ नियुक्ति पत्र सौंप गए हैं। इसमें सुधीर गौड़, पल्लवी प्रकाश, पवनीतकौर, लोकेश कुमार, शिवानी त्यागी, अभिषेक यादव ,हनी कुमार, विवेक कुमार और शिवानी विश्वकर्मा का नाम है।

### इन छात्रों को दिए गए स्मार्टफोन





करंट क्राइम : मुख्यमंत्री ने इस दौरान 6000 से अधिक स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण करने का भी काम किया है। इस मौके पर एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा अपने हाथों से स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण किए गए। स्मार्टफोन पाने वालों में लाजपत कॉलेज के छात्र सूरज झा, तो वहीं अंजनी, आकाश सिंह, श्रुति कुमारी झा, अविरल श्रीवास्तव और शालिनी का नाम था। टैबलेट में पूजा तोमर, अमन, रोहन और अनन्या सहित अन्य छात्राएं शामिल रहे।

### मंच पर नजर आए यह प्रमुख फेस

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में बड़ा मंच बनाया गया था। मुख्यमंत्री सबसे मध्य में बैठे थे, तो वहीं उनके बराबर में एक तरफ सांसद अतुल गर्ग और दूसरी तरफ विधायक व यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मौजूद रहे। इसके साथ ही कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, बृजेश सिंह राज्य मंत्री, सांसद अतुल गर्ग, ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश सत्येंद्र सिसोदिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक मंजू शिवाच मोदीनगर, धर्मेश तोमर विधायक धौलाना, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मुख्य रूप से मंचासीन अतिथियों के रूप में नजर आए।



# 'एक देश-एक चुनाव' को कैबिनेट की मंजूरी शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है विधेयक

## उच्च स्तरीय समिति ने पहले चरण के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की

### इसके 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की बात कही गई



**नई दिल्ली।** 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने रखी गई। कैबिनेट से इसे मंजूरी भी मिल गई है। कहा जा रहा है कि सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में इसे पेश कर सकती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के एलान से पहले मार्च में यह रिपोर्ट पेश की थी। कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश करना विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कोविंद समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर लिया है। कोविंद समिति को एक साथ चुनाव कराने के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविंद समिति की सिफारिशों पर पूरे भारत में विभिन्न मंचों पर चर्चा की जाएगी। बड़ी संख्या में दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है। हम अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का प्रयास करेंगे।

#### लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश

उच्च स्तरीय समिति ने पहले चरण के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। इसके 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की बात कही गई है। समिति ने सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' के गठन का भी प्रस्ताव रखा है। समिति के मुताबिक, एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी। विकास और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा। लोकतांत्रिक ढांचे की नींव मजबूत होगी। इससे 'इंडिया, जो भारत है' की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी।

#### एक समान मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करने की बात

समिति ने राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से चुनाव आयोग की ओर से एक समान मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करने की भी सिफारिश की थी। फिलहाल भारत का चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों को ही देखता है। नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य चुनाव आयोगों की ओर से कराए जाते हैं। बताया गया कि समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं से समर्थन की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इनके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की जरूरत होगी, जिन्हें संसद से पारित कराना होगा।

#### विधि आयोग भी अपनी रिपोर्ट लेकर आएगा

एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों को कम से कम आधे राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी। इसके अलावा विधि आयोग भी जल्द ही एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट लेकर आने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पूरजोर सथर्मक रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, विधि आयोग सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं-पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है।

## 'एक हफ्ते के अंदर सरकारी मकान खाली कर देंगे अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।** इस्तीफा देने के बाद अब दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल सरकारी मकान खाली करेंगे और सरकारी सुविधाएं छोड़ेंगे। आप सांसद संजय सिंह ने ये जानकारी दी है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि केजरीवाल एक हफ्ते में घर खाली करेंगे। कई बार हमलों का सामना करने के बावजूद सरकारी सुरक्षा को भी छोड़ेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय सिंह ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से दिल्ली की जनता बेहद दुखी और परेशान है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद भी जनता की अदालत में अग्नि परीक्षा देने के लिए सीएम पद से इस्तीफा दिया है और अब जनता उनकी ईमानदारी पर मुहर लगाएगी और फिर से उन्हें मुख्यमंत्री बनाएगी।'

संजय सिंह ने बताया कि 'कल अपना इस्तीफा देने के बाद, केजरीवाल ने कहा कि वह सुरक्षा सहित एक मुख्यमंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं छोड़ देंगे और लोगों के बीच एक आम आदमी की तरह रहेंगे। हमने उन्हें यह कहते हुए मनाने की कोशिश की कि कि उनकी सुरक्षा खतरे में है। उनपर हमले भी हुए। लेकिन उन्होंने कहा कि मेरी रक्षा ईश्वर करेंगे। मैं छह महीने जेल में खूंखार अपराधियों के बीच रहा। तब भगवान ने मुझे बचाया था, अब भी भगवान मुझे बचाएंगे।'

संजय सिंह ने कहा, 'अब दिल्ली के लोगों को सोचना है कि अगर अरविंद केजरीवाल नहीं होंगे, तो जनता को मिलने वाली मुफ्त बिजली-पानी की सुविधा का क्या होगा? बच्चों को सरकारी स्कूल में मिलने वाली बेहतरीन शिक्षा का क्या होगा? सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिकों में मिलने वाले मुफ्त इलाज और दवा का क्या होगा? महिलाओं को मिलने वाली मुफ्त बस यात्रा और बुजुर्गों की मुफ्त तीर्थ यात्रा की सुविधा का क्या होगा?

## जब बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ सबसे पहले भरी थी प्रवीण चौधरी ने दहाड़


### तब कहा था जनता का नहीं होना चाहिए उत्पीड़न और मेयर लें इस पर संज्ञान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रवीण चौधरी निगम पार्षद हैं और वो नगर निगम के सदन का एक ऐसा चेहरा हैं जिन्हें निगम एक्ट से लेकर विकास के टैक्ट तक पूरी जानकारी है। प्रवीण चौधरी नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रहे हैं। वो निगम के मुद्दों को भली भांति समझते हैं और ये भी जानते हैं कि कौन से मामले का जनता पर कितना और कैसा असर होगा। जो हाऊस टैक्स का मुद्दा आज बुलंद हो रहा है। इस मुद्दे पर नगर निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने सबसे पहले दहाड़ भरी थी। उन्होंने आवाज बुलंद की थी और भूमिका बांधी थी। यहीं से माहौल बना था। उन्होंने कहा था कि हाऊस टैक्स को लेकर जनता का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए और इस पर मेयर को संज्ञान लेना चाहिए। बताते हैं कि इसी के बाद मेयर ने एक अलग बैठक भी बुलाई थी। ये बैठक बाद में निरस्त हुई थी लेकिन अब पता चल रहा है कि जब हाऊस टैक्स के खिलाफ आये हैं।

पार्षद प्रवीण चौधरी ने बोल्ड तरीके से इस मामले को उठाया था। उन्होंने कहा था कि हाऊस टैक्स पर कोई निर्णय होना ही चाहिए। जनता का उत्पीड़न हम नहीं होने देंगे और इसी बात पर मेयर सुनीता दयाल ने संज्ञान लिया। पार्षद प्रवीण चौधरी ने जो अलख सबसे पहले जताई थी उसका असर अब दिखाई दे रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान के बीच 'फर्स्ट टाइम वोटर्स' दिखे उत्साहित





**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसे लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर, पहली बार मतदान करने जा रहे वोटर्स में यह उत्साह अपने चरम पर है। नगरोटा में पहली बार वोट देने आए मतदाताओं ने आईएएनएस से बात की। फर्स्ट टाइम वोटर कोमल दत्त ने बताया कि यह वोट हमारे लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, ह्लमतदान हम जैसे युवाओं के लिए बहुत जरूरी है। यह हमारे भविष्य की रूपरेखा निर्धारित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाता है। जितनी अच्छी सरकार रहेगी, हमें उतनी ही ज्यादा मदद मिलेगी। सुचारू सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन इसके लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम सभी वोट देने पहुंचे। वोट देने के दौरान हमने अपने मुद्दों का विशेष ख्याल रखा है, जिसे देखते हुए हमने वोट किया है। एक अन्य मतदाता मयूर खर ने आईएएनएस से बातचीत में पहली बार वोट देने को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, ह्लहम अपना वोट देने को लेकर खासे उत्साहित हैं, क्योंकि हमें देखना पड़ता है कि युवाओं के लिए कौन काम कर रहा है। हमें जानना है कि जिसे हम चुनेंगे, वह हमारे लिए कितना काम करेगा। आज हमने भी वोट किया और हमें ऐसा करके बहुत अच्छा लगा। हमारे बीच बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने वोट किया है। यहां के युवा काम की तलाश में दूसरी जगह जा रहे हैं।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी सड़कों पर उतरकर किया प्रदर्शन

### कानून-व्यवस्था पर भी घेरा



**लखनऊ।** भाजपा नेताओं की कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अभद्र टिप्णी करने को लेकर कांग्रेस नेता व कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं की अभद्र टिप्पणियों को लेकर कांग्रेसी सड़कों पर उतरे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

लखनऊ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी सरकार को घेरा। इस मौके पर अजय राय ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा के कई नेताओं ने राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी की है। केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने राहुल गांधी को आतंकवादी नंबर वन बताया था। जिसके बाद से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता नाराज हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़, पूर्व विधायक तरविंद्र सिंह को बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी नेता लोकतंत्र की मयार्दा भूल गए हैं। सांसद राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़, पूर्व विधायक तरविंद्र सिंह ने अभद्र टिप्पणी की जो गलत है। वह देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के नेता और जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं और विपक्षी नेताओं के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राहुल गांधी को लेकर बयानबाजी पर बवाल, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, की आगजनी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस नेता दिल्ली मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

#### अमेरिका में राहुल के बयान के बाद सियासी बवाल

कांग्रेस कार्यकताओं ने राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि हाल में अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल ने कुछ ऐसे बयान दिए थे जिससे सियासी बवाल शुरू हो गया। पलटवार में भाजपा और एनडीए के नेताओं की ओर से भी बयान दिए हैं।

#### भारत निर्वाचन आयोग को भेजी शिकायत की प्रति

कांग्रेस की शिकायत में केन्द्रीय मंत्री रववनीत सिंह बिट्टू के अलावा बीजेपी नेता तरविंदर सिंह मारवाह, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ और उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह का भी नाम है। शिकायत की एक प्रति भारत निर्वाचन आयोग को भी भेजी गई है।

#### बीजेपी मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस नेता दिल्ली इखढ मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के चार नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। इसमें मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का भी नाम शामिल है।

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## मोदी कैबिनेट ने दी 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को मंजूरी, जल्द ला सकती है बिल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय कैबिनेट ने रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट को मंजूरी दी है। बताया जा रहा है कि रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली समिति ने 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को लेकर अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को पहले ही सौंप दी थी। इसमें सुझाव दिए गए हैं कि देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने चाहिए। इसके अलावा समिति ने सिफारिश की है कि निकाय चुनाव को भी लोकसभा और राज्य विधानसभा के संपन्न होने के बाद जल्द ही कराया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल के दौरान पहले 'वन नेशन वन इलेक्शन' नीति को लागू करने की तैयारी कर रही है। ऐसी चर्चा है कि केंद्र सरकार इससे जुड़ा बिल जल्द ला सकती है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर एक कमेटी बनाई थी, इस कमेटी का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया था। इसके अलावा इस कमेटी में कई और सदस्यों को भी शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए 'वन नेशन वन इलेक्शन' का जिक्र किया था। पीएम मोदी ने कहा था, वन नेशन वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। बार-बार आने वाले चुनाव इस देश की प्रगति में रुकावट उत्पन्न करते हैं। आज किसी भी योजना को चुनाव के साथ जोड़ना आसान हो गया है, क्योंकि हर तीन या छह महीने बाद चुनाव होते हैं। हर काम को चुनाव के रंग से रंग दिया गया है। इसलिए देश ने व्यापक चर्चा की है। उन्होंने आगे कहा था, ₹सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं। मैं लाल किले से तिरंगे को साक्षी रखते हुए देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं। संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की तरक्की के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग जन सामान्य के लिए हो सके, इसके लिए 'वन नेशन वन इलेक्शन' के लिए हमें आगे आना चाहिए।

## गंगा और यमुना के जलस्तर में कमी लगातार जारी, बाढ़ प्रभावित इलाकों में दुश्वारियां बरकरार



**प्रयागराज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत भरी खबर है। गंगा का जलस्तर फिलहाल स्थिर है। सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार बुधवार को भी गंगा के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है. अब यहां पर 83.94 मीटर पर गंगा बह रही हैं और छह सेंटी मीटर की रफ्तार घट रही हैं। छतनाग में जलस्तर 82.83 मीटर पर बह रही हैं। इसी तरह यमुना का जलस्तर भी घट रहा है। यहां पर फिलहाल जलस्तर 83.69 मीटर पर है।

जिले में 11 घंटे में 42 मिमी तो शहर में 60 मिमी हुई बारिश जिले में मंगलवार को 11 घंटे में 42.31 मिलीमीटर बारिश हुई। इनमें से करछना और कोरांव के बाद शहर में सबसे अधिक सदर तहसील में 60 मिमी बारिश हुई। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह आठ से शाम सात बजे के बीच करछना में 72 मिमी बारिश हुई। कोरांव में 62 मिमी और सदर तहसील में 60 मिमी बारिश हुई। बारा में 33, हंडिया में 23.5, फूलपुर में 10 तथा सोरांव में 15 मिमी बारिश हुई। गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद सहायक नदियां चंबल, केन और बेतवा भी उफान पर थी। कई जिलों से होते हुए प्रयागराज में पानी पहुंचा तो वह बाढ़ का रूप ले लिया था। यमुना के सापेक्ष शुक्रवार को गंगा का पानी धीमी गति से बढ़ा था। यमुना का वेग इतना तेज था कि रात तक लेटे हनुमानजी डूब गए। सुबह तक मंदिर परिसर में कमर तक पानी भर गया था।

#### जलस्तर में वृद्धि लगातार जारी

सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे की गई निगरानी के अनुसार फाफामऊ में गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी रही। यहां पर जलस्तर 83.88 मीटर पर बह रही हैं, जो खतरे के निशान से कुछ ही नीचे है। इसी तरह छतनाक में गंगा जलस्तर 83.09 मीटर है और लगातार वृद्धि जारी है। इसी तरह नैनी में यमुना का चलस्तर 83.71 मीटर है और लगातार वृद्धि जारी है। गंगा और यमुना करीब 10 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रही हैं।

## बुलडोजर कानून के राज का प्रतीक नहीं

### संविधान के अमल होने पर ध्यान दें केंद्र व राज्य सरकारे : मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बुलडोजर कानून के राज का प्रतीक नहीं है। केंद्र सरकार को इस मामले में गाइडलाइन तय करनी चाहिए। ऐसा न करने से ही सुप्रीम कोर्ट को मामले में दखल देना पड़ा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि बुलडोजर कानून के राज का प्रतीक नहीं है।

इसकी इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सभी के लिए इस पर गाइडलाइन बनाना चाहिए जो कि नहीं हो रहा है इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को मामले पर दखल देना पड़ रहा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि बुलडोजर विध्वंस कानून का राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय है। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता उससे सहमत नहीं होती है तो फिर केन्द्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान गाइडलाइन्स बनाना चाहिए, जो नहीं किए जा रहे हैं।

वरना बुलडोजर एक्शन के मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट को इसमें दखल देकर केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो यह जरूरी था। केन्द्र व राज्य सरकारें संविधान व कानूनी राज के अमल होने पर जरूर ध्यान दें।

## युवक की मौत के बाद तीन दिन से चल रहा धरना समाप्त अति. जिला कलेक्टर और एसपी ने की समझाइश



**राजस्थान।** टोंक के सोहेला में तीन दिन पहले छोटूलाल गुर्जर की संदिग्ध मौत के बाद चल रहा बवाल आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी और एएसपी ज्ञानप्रकाश नवल की समझाइश के बाद खत्म हो गया। छोटूलाल की मौत के बाद परिजन ग्रामीणों के साथ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर महापड़ाव डालकर पिछले तीन दिनों से धरना देकर प्रदर्शन कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि कुछ लोगों ने छोटूलाल की हत्या की है और इस हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के साथ ही सात अन्य मांगों को लेकर मृतक के परिजन धरने पर बैठे थे। दरअसल 16 सितंबर को सोहेला निवासी छोटूलाल गुर्जर का संदिग्ध हालत में शव मिलने के बाद परिजनों ने पहले तो बरोनी थाने पर घेराव किया फिर इसके बाद शव को टोंक सआदत अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। इसके बाद से ही परिजनों ने ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पर डेरा डाल दिया और पुलिस अधीक्षक के साथ जिला कलेक्टर से पूरे मामले में बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी को निलंबित करने के साथ 7 सूत्री मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया।

## भाजपा ने केजरीवाल के सरकारी सुविधाओं को छोड़ने के फैसले को बताया ड्रामा





**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अब उनके सरकारी सुविधाओं को छोड़ने के फैसले पर भी राजनीति शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी जहां इसे अरविंद केजरीवाल का त्याग बता रही है, वहीं भाजपा ने इसे ड्रामा करार दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से जुड़ी सभी सुविधाओं का त्याग करने का दावा करते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री के तौर पर मिले सरकारी घर को भी खाली करेंगे और साथ ही तमाम खतरों तथा पहले हुए हमलों के बावजूद सरकारी सुरक्षा भी छोड़ देंगे। भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने केजरीवाल के इस फैसले पर कटाक्ष करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, आम आदमी पार्टी चुनावी जनादेश को लूट के लाइसेंस के साथ भ्रमित कर रही है। अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दे सकते हैं, अपना शीश महल खाली कर सकते हैं, जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन अंततः उन्हें देश के कानून का सामना करना होगा और त्रुटिपूर्ण शराब नीति के लिए जवाबदेह भी होना होगा, जिसने घरों को बर्बाद कर दिया और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को जन्म दिया। अमित मालवीय ने आगे कहा,₹ दिल्ली में किसी को भी अरविंद केजरीवाल की परवाह नहीं है। उनका इस्तीफा बहुत कम है और बहुत देर से हुआ है। जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था, उन्हें तब ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। जनादेश के बारे में बताते हुए भाजपा नेता ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रचार करने के लिए जमानत दी थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के विरोध में वोट मांगे, लेकिन आप को कोई फायदा नहीं हुआ। दिल्ली की जनता पहले ही अपनी राय दे चुकी है। अब, जो कुछ हम देखते हैं, वह सब ड्रामा है।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने भाई शोभित व भाभी स्वेता को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थिनी
वर्षा शर्मा पत्नी नितिन शर्मा निवासी- 74-ए,वॉटर टैंक के पास,सूरत सिटी,मोदीनगर, जिला-गाजियाबाद

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शोभित व पुत्रवधू स्वेता को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

प्रार्थिनी
सोमलता चतुर्वेदी पत्नी स्वर्गीय नरेश चतुर्वेदी ए- 168,बी- नारायण कुंज कॉलोनी, धर्मपुरी, मोदीनगर,थाना-मोदीनगर, जिला-गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली।। गुरुवार 19 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## शहर विधानसभा उपचुनाव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ले रहे हैं गंभीर

# बैठक में खींच दी 29 सितंबर तक बूथ कमेटी फाइनल करने की लकीर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये और यहां उन्होंने पहले मंच से सरकारी योजनाएं जनता को समर्पित कीं। इसके बाद मंच-माला-माईक के साथ करोड़ों के चैक दिये। टेबलेट और स्मार्टफोन वितरित किये और फिर मंच के बाद सीन लंच का हुआ। इस लंच में 200 कार्यकर्ता थे। सांसद, विधायक और संगठन के पदाधिकारी थे। यहां पर मुख्यमंत्री का फोकस विधानसभा उपचुनाव रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अंदाज देखकर मौजूद कार्यकर्ताओं को हिंदी भवन का वो अंदाज याद आ गया जो कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ने वहां दिखाया था। हिंदी भवन में भी उन्होंने बूथ की टीम तैयार करने पर जोर दिया था और यह कहा था कि सरकारी योजनाओं का जिक्र आम आदमी तक पहुंचे। बुधवार को जब वो घंटाघर रामलीला में आये तो फिर से वही अंदाज था। 200 कार्यकर्ताओं के साथ जब मुख्यमंत्री ने रूबरू हुए तो उनका फोकस शहर विधानसभा सीट पर था। उन्होंने तैयारियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर गंभीर नजर आये। सूत्र बताते हैं कि यहां पर उन्होंने विधानसभा चुनाव प्रभारी से बात की और तैयारियों को लेकर फीडबैक ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से बूथ कमेटियों की जानकारी ली। संजीव शर्मा ने बूथ को लेकर मांगी गई जानकारी पर विस्तार से बताया और कहा कि बूथ कमेटियों का गठन 5 अक्टूबर तक सभी बूथों पर पूरा कर लिया जायेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि बूथ कमेटियों का गठन इस महीने की 29 तारीख तक हो जाना चाहिए। यानी 29 सितंबर तक बूथ की सभी कमेटियों का गठन हो जाये और उन्होंने 15 दिन में सभी सम्मेलन कराने पर जोर दिया।

### मुख्यमंत्री ने कहा हमें चाहिए 75 प्रतिशत वोट

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए तो यहां उनका फोकस शहर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव पर था। उन्होंने चुनाव की तैयारियों को लेकर पूरी फीडबैक ली। मुख्यमंत्री ने संकेत दिये कि चुनाव कभी भी हो सकते हैं और खास बात ये रही कि मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ हुई इस बैठक में एक तरह से क्लीन स्वीप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें इस चुनाव में 75 प्रतिशत वोट हर हाल में चाहिए। 25 प्रतिशत वोट समूचे विपक्ष के लिए रहेगा। मुख्यमंत्री का 75 प्रतिशत वोट पर फोकस और बूथ कमेटियों को लेकर उनकी गंभीरता के संदेश समझे जा सकते हैं।

### 15 दिन में सम्मेलन करायें और दस साल के काम जनता को बतायें

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब कार्यकर्ताओं के साथ बैठे तो फिर उन्होंने चुनावी टिप्स दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां 75 प्रतिशत वोट पर जोर दिया वहीं उन्होंने ये कहा कि 15 दिन के भीतर सभी सम्मेलन करायें जायें। उन्होंने ओबीसी और युवा मोर्चा के बड़े सम्मेलन कराने पर जोर दिया। यहां पर मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचे और उन्हें हमारी सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्य बतायें। जनता के बीच जायें और बतायें कि दस साल में क्या फर्क आया है और सरकार ने क्या काम आम आदमी के लिए कराया है।

### विजय मोहन को मंच पर बुलाकर दी सीएम ने सांत्वना

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यकर्ता के सुख दुख से भी अवगत रहते हैं। इसकी बानगी भी बुधवार को देखने को मिली। जब उन्होंने भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, पूर्व पार्षद विजय मोहन को मंच पर बुलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजय मोहन को सांत्वना दी और शोक भी जताया। गौरतलब है कि भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, पूर्व पार्षद विजय मोहन के युवा पुत्र अर्पित मोहन का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उनके पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं नहीं आ सके थे। लेकिन उन्होंने शोक संवेदना का पत्र भेजा था और शोक व्यक्त किया था। बुधवार को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घंटाघर रामलीला मैदान पर आये तो उन्होंने विजय मोहन को बुलाया और उनके पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त किया।



### मंच पर सीएम के साथ रहे सांसद अतुल गर्ग और पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह सहित ये लीडर

करंट क्राइम। सीएम योगी के साथ मंचासीन क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा सांसद अतुल गर्ग, पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व सांसद सांसद जनरल वीके सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल पूर्व सांसद डॉ रमेश चंद्र तोमर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मंत्री



कपिल अग्रवाल मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान विधायक अजीत पाल त्यागी विधायक नंदकिशोर गुर्जर विधायक मंजू शिवाच, एमएलसी दिनेश गोयल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल आदि रहे।

### मुख्यमंत्री ने कहा हमें केवल आम जनता को घर-घर जाकर इतना बताना है

करंट क्राइम। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें केवल आम जनता को घर-घर जाकर बताना है कि कांग्रेस सरकार ने देश में सबसे लंबे समय के लिए देश में सरकार चलाई है। उत्तर प्रदेश में 4 साल समाजवादी पार्टी का भी शासन रहा है। 1947 से 2014 तक के अपने इतने लंबे कार्यकाल में कांग्रेस आठ लाइन की हाईवे क्यों नहीं बना पाई, मेट्रो रैपिड क्यों नहीं चला पाई, शिक्षा के क्षेत्र में भरोसा पैदा क्यों नहीं कर पाई, मेडिकल कॉलेज की स्थापना क्यों नहीं कर पाई, भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं लगी, गुंडा माफिया राज सरकार पर हावी क्यों रहा, व्यापारी और बेटी कांग्रेस व सपा शासन में अपने आप को सुरक्षित क्यों नहीं महसूस कर पाए। इन सारे सवालों का जवाब 2014 से अब तक मोदी सरकार ने और आपकी प्रदेश सरकार ने अपने सुशासन और विकास से कैसे दे दिया।

### मुख्यमंत्री ने फिर कहा हमें अति आत्मविश्वास में नहीं उतरना है चुनावी समर में

करंट क्राइम। योगी आदित्यनाथ ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अति आत्म विश्वास में होकर चुनावी समर में नहीं उतरना है। सभी कार्यकताओं को धरातल पर रहकर केवल पीएम मोदी के एक सूत्र वाक्य को चुनाव जीतने का प्रमुख आधार बनाना है कि बूथ जीता चुनाव जीता। उन्होने कार्यकताओं से अपील की कि बूथ और शक्ति केंद्र की सभी कार्रवाई को धरातल पर रहकर दुरुस्त कर लेना है। कोई भी चुनाव जिले पर नहीं, प्रदेश में नहीं, क्षेत्र में नहीं लड़ा जाता बूथ पर ही लड़ा जाता है।

### हमारी सरकार में गुंडे माफिया बाहर नहीं निकलते, कांवड़ यात्रा निकलती है

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने कार्यकाल मे सपा ने 4 साल तक पूरे उत्तर प्रदेश को लूटा है और गुंडाराज स्थापित किया लेकिन अब भाजपा की सरकार में गुंडे और माफिया बुलडोजर के डर से सहमे हुए रहते हैं। हमारी सरकार में गुंडे माफिया बाहर नहीं निकलते कांवड़ यात्रा निकलती है, हमारी बेटियां बेखौफ बाहर निकलती हैं। जनता सभी सरकारें देख चुकी है उसका मन अब भाजपा सरकार पर आश्वस्त है। हमें जनता के विश्वास को बनाए रखना है। उनके सम्पर्क में रहना है।

### लंच वाली बैठक में ये चेहरे रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ

करंट क्राइम। घंटाघर रामलीला मैदान में अशोक वाटिका पंडाल में सीएम योगी के साथ संगठन की विशेष बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा पूर्व महापौर आशा शर्मा, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी पूर्व अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, सरदार एसपी सिंह, हातम सिंह नागर, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, सुनील यादव, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम राजेश त्यागी गोपाल अग्रवाल, रनिता सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी, प्रताप चौधरी, विरेंद्र सारस्वत, पार्षद राजीव शर्मा, पूनम सिंह, शीतल चौधरी, प्रीति चंद्रा, लवली कौर, प्रदीप गर्ग, अमित प्रताप, प्रतीक माथुर सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकरी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोनी विधायक ने की डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की जमकर तारीफ

### कहा खराब मौसम के बाद भी व्यवस्थित कार्यक्रम करने पर बधाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद आये। ये एक इत्तेफाक रहा कि उनके आगमन पर मौसम खराब हो गया और वर्षा की बूंदों में ही पूरा कार्यक्रम हुआ। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने ऐसे मौसम में सफल कार्यक्रम कराने पर डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की जमकर तारीफ की।

लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि एक ऐसा कार्यक्रम जिसमें हजारों बेरोजगार युवा, उद्यमी और कार्यकर्ता आने हैं और अचानक मौसम खराब हो जाता है। इसके बावजूद डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने मंच से लेकर पंडाल तक पूरी व्यवस्था को बखूबी संभाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आना एक ऐतिहासिक घटना थी और यहां पर डीएम की जितनी तारीफ की जाये उतनी कम है, क्योंकि उन्होंने अचानक बदली परिस्थितियों में भी पूरे कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया।

## हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर खोला पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने मोर्चा

### कहा अगर वापस नहीं हुआ टैक्स तो होगा फिर बड़ा जन आंदोलन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीएम सर्किल रेट पर हाऊस टैक्स लगाये जाने का विरोध लगातार बढ़ रहा है। बड़ी बात ये है कि सरकार वालों ने ही सरकारी अधिकारी के इस आदेश के खिलाफ मोर्चा खोला है। मेयर ने पहले अपील की कि बढ़ा हुआ हाऊस टैक्स लोग ना जमा करायें और फिर कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लाकर इस फैसले को निरस्त किया। विपक्ष की ओर से पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने मोर्चा खोला है। सुरेन्द्र मुन्नी ने कहा कि सबसे पहले शहर हित को देखा जायेगा और जनता को किसी भी टैक्स के बोझ तले दबा नहीं सकते।

पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने कहा कि नगर निगम अपने इस फैसले को तुरंत वापस ले। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए हाऊस टैक्स का वह पूरा विरोध करते हैं। जनता पर किसी भी अत्याचार के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। सुरेन्द्र मुन्नी ने कहा कि नगर निगम की हठधर्मिता जारी रही और ये टैक्स वापस नहीं हुआ तो जन विरोध के लिए नगर निगम तैयार रहे। जल्द ही टैक्स वापस नहीं होने पर एक बड़ा जनआंदोलन होगा।

## जनप्रतिनिधियों के साथ जब मुख्यमंत्री योगी ने किया लंच

### लोनी विधायक नन्द किशोर का दिखा मामला टंच





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले मंच पर सरकारी अंदाज में थे और फिर वो कार्यकर्ताओं के साथ लंच पर भाजपाई अंदाज में थे। यहां जब मुख्यमंत्री ने भोजन की थाली संभाली तो यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की और मुख्यमंत्री का फोकस लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर पर रहा। सभी इस बात को देख रहे थे कि मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर पर ही था। यहां मुख्यमंत्री ने हाल ही में जूस विद यूरिन वाले मामले पर नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री का अंदाज बता रहे थे कि वह इस मुद्दे को लेकर बहुत नाराज थे। उन्होंने विधायक से पूछा कि ये लोनी में क्या हो रहा है और इस पर रोष भी प्रकट किया।

### जब सीएम मुस्कुराये और बोले खाने की व्यवस्था विधायक की ओर से

करंट क्राइम। रामलीला मैदान में अशोक वाटिका में मुख्यमंत्री भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ, पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ हास्य परिहास के मूड में थे और इसी अंदाज में उन्होंने साफ्ट अंदाज में मुस्कुराते हुए फिर से अपना फोकस लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर पर किया और पूछ लिया कि खाने की व्यवस्था क्या लोनी विधायक की ओर से हुई है। इस पर सभी लोग मुस्कुरा दिये।

### मीठे से ज्यादा दाल चावल में दिखाई सीएम ने रुचि

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब कार्यकर्ताओं के साथ लंच किया तो यहां उन्होंने मीठे से ज्यादा रूचि मिस्सी रोटी में ली। सूत्र बताते हैं कि उनकी भोजन की थाली में दाल चावल और मिस्सी रोटी थे जबकि मीठे पर उनका फोकस नहीं था।

### लोनी में कम हुए अपराध क्योंकि विधायक हैं नन्द किशोर गुर्जर


करंट क्राइम। लोनी में अपराध इसलिए कम हैं क्योंकि यहां विधायक नन्द किशोर गुर्जर हैं। ये बात मुख्यमंत्री के सामने कैबिनेट मंत्री और लोकसभा सांसद ने कही। बताते हैं कि मुख्यमंत्री के सामने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोनी में अपराध कम होने का क्रेडिट लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर को दिया। वहीं लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने भी लोनी विधायक की प्रशंसा की और यहां उन्होंने लोनी में हुए यूरिन जूस कांड को लेकर मन के उद्गार भी खुलकर बताये।

# नाईस मैन संजीव गुप्ता की गुडविल है पूरी तरह से श्योर तभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मिले पूरे 60 करोड़



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजीव गुप्ता एक कारोबारी हैं वो व्यापारी हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि सियासत के साथ-साथ वो धार्मिक कामों में सबसे आगे हैं। वो सरकार में हैं, वो कारोबार में हैं और इन सबके साथ साथ एक ऐसी शख्सियत हैं जो अपने व्यवहार से सबके दिलों पर राज करते हैं। वो भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष हैं। वो समरकूल ग्रुप के चेयरमैन हैं। वो मां वैष्णोधाम सपनावत से लेकर इस्कॉन मंदिर तक सेवा भाव के साथ मिलेंगे।

वो राजनीति करेंगे तो कार्यकर्ता वाले अंदाज में मिलेंगे। वो जब कारोबार करते हैं तो अपने उत्पाद की गुणवत्ता से लेकर मार्किटिंग के एक्सपर्ट नजर आयेंगे। संजीव गुप्ता ने




अपने ब्रांड समरकूल को देश का ब्रांड बनाया है। आज उनका उत्पाद देश दुनिया में जाना जाता है। एक गुडविल उन्होंने कमाई है और व्यवहार के साथ साथ ये व्यवसाय में उनकी कमाई है। इसका नजारा भी तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आये और यहां बिजनेस वाली कैटेगरी में एमएसएमई वाले चेहरे के रूप में संजीव गुप्ता सामने आये। संजीव गुप्ता को मुख्यमंत्री की ओर से चैक मिले। वैसे तो यहां विभिन्न योजनाओं में किसी को पचास हजार तो किसी को पांच लाख का चैक मिला।

किसी को तीन करोड़ भी मिले। लेकिन जब नंबर नाईस मैन संजीव गुप्ता का आया तो सबने देखा कि इनकी गुडविल कारोबार से लेकर सरकार तक पूरी तरह श्योर है। तभी तो उन्हें 30 और 30 करोड के चैक अपनी दो यूनिट के लिए मुख्यमंत्री के हाथों मिले। मंच पर मुख्यमंत्री ने उन्हें विशेष रूप से ये चैक सौंपे।

व्यवसाय में लेन देन एक सामान्य घटना है लेकिन एक उद्यमी के लिए अपने ही शहर में सबके सामने मंच पर मुख्यमंत्री के हाथों इतनी बड़ी रकम के चैक प्राप्त करना वास्तव में एक यादगार घटना है। ये संजीव गुप्ता की गुडविल है और इस गुडविल को पूरे ग्रुप ने उस समय गौरव के साथ महसूस किया होगा जब संजीव गुप्ता ने मुख्यमंत्री के हाथों पूरे 60 करोड़ के चैक हासिल किये।

### मिजाज है इतना कूल कि सामने वाला अपनी व्यथा को जाता है भूल

करंट क्राइम। संजीव गुप्ता की कहानी वास्तव में अन्य युवा कारोबारियों के लिए एक प्रेरणादायक स्त्रोत हो सकती है। संघर्षों की जमीन पर उन्होंने सफलत की ये इबारत लिखी है। छोटी सी पूंजी से कारोबार शुरू किया और आज उनका नाम देश के कूलर किंग उद्यमियों में आता है। उनकी कंपनी की डीलर मीटिंग विदेशों में होती है। इन सबके बाद भी संजीव गुप्ता का अंदाज बेहद सहज और सरल है। उन्हें ऐसे ही मिस्टर कूल नहीं कहा जाता है। वो इतने मिलनसार और शांत स्वभाव के हैं कि सामने वाला उनसे मिलने के बाद अपनी व्यथा को भूल जाता है। एक सफल कारोबारी होने के बाद भी मिस्टर कूल जब भाजपा की ओर से काम देखते हैं तो फिर वो एक दम फूल कार्यकर्ता हो जाते हैं। कार्यकर्ता भाव से काम करते हैं। आज उनकी साख इतनी है कि बैंकिंग सैक्टर में लेन-देन उनकी कंपनी के नाम पर हो जाता है। धर्म, अर्थ, राजनीति, व्यवसाय, समाज सेवा सभी में संजीव गुप्ता अपनी उपस्थिति सफलतापूर्वक दर्ज करा चुके हैं। राजनीति, धर्म और कारोबार के बाद एक सबसे बड़ा पहलू उनके परिवार का है। वो अपने परिवार के भी मुखिया हैं और यहां भी उनका कूल अंदाज पूरे परिवार को बांध कर रखता है। परिवार के सदस्यों को एक साथ लेकर चलना कोई उनसे सीखे।

### समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने किया सभी का आभार व्यक्त

करंट क्राइम। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता को जब रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंपनी के नए प्लांट को स्थापित करने के लिए चैक सौंपा और समरकूल ग्रोथ के लिए धनराशि दी तो संजीव गुप्ता ने प्रदेश में योगी सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि उद्योग जगत के हितों को ध्यान में रखे हुए अनेक योजनाएं चला रहे हैं। संजीव गुप्ता ने इस अवसर पर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एमएसएमई सैक्टर सहित जिलाधिकारी, डीईसी और अपने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

# अंधविश्वास का जटिल मायाजाल

जिस दौर में विज्ञान रोज नई ऊंचाइयां छू रहा है, नई तकनीकी समाज के हाशिये के तबकों तक पहुंचाई जा रही है, वैसे में महज कल्पना या अंधविश्वासों की वजह से किसी को बर्बरता से पीट-पीट कर मार डालने की घटनाएं विकास के तमाम दावों पर सवालिया निशान लगाती हैं। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एक गांव में रविवार को तीन महिलाओं सहित पांच आदिवासियों की इसलिए पीट-पीट कर हत्या कर दी गई कि उन पर लोगों को यह शक था कि वे जादू-टोना करके दूसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इसी तरह, कुछ दिन पहले पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हरिसारा गांव में दो आदिवासी महिलाओं को जादू-टोना करने के संदेह में स्थानीय लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला। महज गलत धारणाओं की वजह से हुई हत्या की इन घटनाओं के बाद पुलिस ने कुछ स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन सवाल है कि क्या सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों से ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती हैं?

**नहीं है कानून का डर** : इस तरह की घटनाओं के वक्त ऐसा करने वालों के भीतर कहीं भी कानून का खौफ दिखाई नहीं देता है। मगर जब ऐसा कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो पुलिस कानूनी कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करती दिखती है। यह छिपा नहीं है कि आज भी बहुत सारे लोग कई तरह के अंधविश्वासों का शिकार होकर जादू-टोना जैसी झूठी आशंकाओं के प्रभाव में आकर आपराधिक वारदात को भी अंजाम देते हैं। विडंबना है कि ऐसी धारणाओं के शिकार कई बार पढ़े-लिखे कहे जाने वाले या शहरी लोग भी होते हैं।

संविधान में जहां वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के प्रावधान मौजूद हैं, वहां इस दिशा में सरकार की ओर से बहुत कम ठोस प्रयास देखे जाते हैं। खासकर वैसे तबकों के बीच शिक्षा के साथ वैज्ञानिक चेतना के प्रसार की जरूरत है, जो किसी भी अभाव, परेशानी, बीमारी आदि की स्थिति में किसी अन्य व्यक्ति पर जादू-टोना करने का शक करते और तांत्रिकों के उकसावे में आकर उन्हें मार डालने से भी नहीं हिचकते। शायद बाद में कानूनी कार्रवाई का सामना करते हुए उन्हें अपने किए पर पछतावा होता हो।

# फारसी के दो शब्द 'पंज' और 'आब' का मेल है पंजाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंजाबी (गुरमुखी: ਪੰਜਾਬੀ, शाहमुखी: پنجابی) एक हिंद-आर्यन भाषा है और ऐतिहासिक पंजाब क्षेत्र (अब भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजित) के निवासियों तथा प्रवासियों द्वारा बोली जाती है। इसके बोलने वालों में सिख, मुसलमान और हिंदू सभी शामिल हैं। पाकिस्तान की 1998 की जनगणना और 2001 की भारत की जनगणना के अनुसार, भारत और पाकिस्तान में भाषा के कुल वक्ताओं की संख्या लगभग 9-13 करोड़ है, जिसके अनुसार यह विश्व की 11वीं सबसे व्यापक भाषा है। कम से कम पिछले 300 वर्षों से लिखित पंजाबी भाषा का मानक रूप, माझी बोली पर आधारित है, जो ऐतिहासिक माझा क्षेत्र की भाषा है। पंजाबी भाषा पंजाब की आधुनिक भारतीय आर्यभाषा है। ग्रियर्सन ने (लिंग्विस्टिक सर्वे भाग 1,8 तथा 9 में) पूर्वी पंजाबी को 'पंजाबी' और पश्चिमी पंजाबी को 'लहिंदा' कहा है। वास्तव में पूर्वी पंजाबी और पश्चिमी पंजाबी पंजाबी की दो उपभाषाएं हैं जैसे पूर्वी हिंदी और पश्चिमी हिंदी हिंदी की। यह अलग बात है कि पाकिस्तान बन जाने के कारण दोनों भाषाओं का विकास इतनी भिन्न दिशाओं में हो रहा है कि इनके अलग-अलग भाषाएं हो जाने की संभावना है।




पंजाबी की एक तीसरी उपभाषा 'डोगरी' है जो जम्मू-कश्मीर के दक्षिण-पूर्वी प्रदेश और कांगड़ा के आसपास बोली जाती है। साहित्य में मध्यकाल में लहंदी का मुलतानी रूप और आधुनिक काल में अमृतसर और उसके आसपास प्रचलित पूर्वी पंजाबी का माझी रूप व्यवहृत होता रहा है। अमृतसर सिक्खों का प्रधान धार्मिक तीर्थ और केंद्र है। ईसाई मिशनरियों ने लुधियाना-पटियाला की मलवई बोली को टकसाली बनाने का प्रयत्न किया। उसका परिणाम इतना तो हुआ है कि मलवई का प्रभाव सर्वत्र व्याप्त है, किंतु आदर्श साहित्यिक भाषा के रूप में माझी ही सर्वमान्य रही है। पश्चिमी पंजाब की बोलियों में मुलतानी, डेरावाली, अवाणकारी और पोठोहारी एवं पूर्वी पंजाबी की बोलियों में पहाड़ी, माझी, दूआबी, पुआधी, मलवई और राठी प्रसिद्ध हैं। पश्चिमी पंजाबी और पूर्वी पंजाबी की सीमारेखा रावी नदी मानी गई है। 'पंजाबी' नाम बहुत पुराना नहीं है।

'पंजाब' असल में दो फारसी शब्द 'पंज' और 'आब' का मेल है। 'पंज' का मतलब 'पांच' है और 'आब' का मतलब 'पानी' है। इस प्रदेश का प्राचीन नाम 'सप्तसिंधु' है। भाषा के लिए 'पंजाबी' शब्द 1670 ई. में हाफिज बरखुदार (कवि) ने पहली बार प्रयुक्त किया; किंतु इसका साधारण नाम बाद में भी 'हिंदी' या 'हिंदवी' रहा है, यहां तक कि रणजीत सिंह का दरबारी कवि हाशिम महाराज के सामने अपनी भाषा (पंजाबी) को हिंदी कहता है। वस्तुतः 19वीं सदी के अंत तक हिंदू और सिक्खों की भाषा का झुकाव ब्रजभाषा की ओर रहा है। यह अवश्य है कि मुसलमान जो इस देश की किसी भी भाषा से परिचित नहीं थे, लोकभाषा और विशेषतः लहंदी का प्रयोग करते रहे हैं। मुसलमान कवियों की भाषा सदा अरबी-फारसी लहंदी-मिश्रित पंजाबी रही है।

पिछले वर्षों में साहित्यिक पंजाबी ने नए मोड़ लिए हैं। 20वीं सदी के पूर्वार्ध में पंजाबी ने फारसी और अंगरेजी शब्दावली और प्रयोगों का ग्रहण किया, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिंदी के राजभाषा हो जाने के कारण अब इसमें अधिकाधिक संस्कृत हिंदी के शब्द आ रहे हैं।

पंजाबी और हिंदी खड़ी बोली में बहुत अंतर है। पुल्लिग एकवचन शब्दों की आकारांत रचना और इनसे विशेषण और क्रिया का सामंजस्य, संज्ञाओं और सर्वनामों के प्रत्यक्ष और तिर्यक रूप, क्रियाओं कालादि भेद से जुड़नेवाले प्रत्यय दोनों भाषाओं में प्रायः एक से हैं। पंजाबी के कारकचिह्न इस प्रकार हैं - ने; नूँ (हिं. को); थों या ओं (हिं से); दा, दे, दी (हिं. का, के, की); विच (हिं. में)। पुंलिंग और स्त्रीलिंग शब्दों का बहुवचन तिर्यक रूप- आं होता है, बातां, कुड़ियां, मुड्यां, पथरां, साधुआं। यह स्वर सामंजस्य संज्ञा, विशेषण और क्रिया में बराबर बना रहता है, जैसे छोट्यां मूंड्यां, दियां माप्यां नूं (हिं. छोटे लड़कों के मा बाप को), छोटियां कुड़ियां जांदियां हन्न (हिं. छोटी लड़कियां जाती हैं)। ध्वनिविकास की दृष्टि से पंजाबी अभी तक अपनी प्राकृत अवस्था से बहुत आगे नहीं बढ़ी है। तुलना कीजिए पंजाबी हत्थ, कन्न, सत्त, कत्तणा, छडणा और हिंदी हाथ, कान, सात, कातना, छोड़ना आदि। पूर्वी पंजाबी में सघोष महाप्राण ध्वनियाँ (घ, झ, ढ, ध, भ) अघोष आरोही सुर के साथ बोली जाती हैं। यह पंजाबी की अपनी विशेषता है। पंजाबी बोलने वालों की कुल संख्या करोड़ों में है।



हिमांशु लव
पूर्व निगम पार्षद

# प्राइवेट इक्विटी निवेशकों की भारतीय बाजार में बढ़ी दिलचस्पी

## कंज्यूमर, रिटेल और हेल्थकेयर फेवरेट सेक्टर




**नई दिल्ली।** भारत में डील गतिविधियों में 2023 के धीमेपन के बाद एक बार फिर 2024 में बढ़त देखने को मिल रही है। इस साल की पहली छमाही में 17.1 अरब डॉलर वैल्यू की 643 डील हुई हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वे में भाग ले चुके 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि वे अगले 12 से 18 महीनों में फंड जुटाने वाले हैं।

इसमें से 67 प्रतिशत का मानना है कि वे धीरे-धीरे इसे बढ़ाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की आर्थिक स्थिति ग्लोबल कैपिटल में अधिक हिस्सेदारी आकर्षित करने के लिए काफी उचित है, क्योंकि फंड्स का रूझान चीन से हटकर भारत की ओर शिफ्ट हो रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि निवेशक काफी आशावादी हैं और 48 प्रतिशत को लगता है कि अगले तीन वर्षों में डील गतिविधियों में काफी तेजी रह सकती है। कंज्यूमर, रिटेल, हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी में हाई-वैल्यू डील देखने को मिल सकती हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि प्राइवेट इक्विटी भारतीय बिजनेस परिदृश्य में सरकारी कंपनियों, फैमिली बिजनेस और एमएनसी के बाद चौथे पहिए के रूप में उभरा है।

सर्वे रिपोर्ट में कहा गया कि 86 प्रतिशत निवेशकों का मानना है कि भारत में निवेश को बढ़ाना चाहिए। इसकी वजह जीडीपी और शेयर बाजार का मजबूत प्रदर्शन करना है। वैश्विक प्राइवेट इक्विटी परिदृश्य में भारत का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2023 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हुई कुल पीई-वीसी इन्वेस्टमेंट में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा 2018 में 15 प्रतिशत था।

# मोदी 3.0 में सरपट दौड़ रहा सेंसेक्स दिया 8 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। नई सरकार बनने के पहले 100 दिन में सेंसेक्स 6,300 अंक या 8.2 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में लार्जकैप के साथ स्मॉलकैप में भी तेजी देखने को मिली है। इस दौरान बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 18 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। समीक्षा अवधि में बीएसई आईटी और बीएसई हेल्थकेयर इंडेक्स ने 22-22 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीएसई कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ने 17 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

हालांकि, बीएसई मेटल इंडेक्स और बीएसई रियल्टी इंडेक्स में क्रमशः तीन और एक प्रतिशत की गिरावट हुई है ।समीक्षा अवधि में रेफेक्स इंडस्ट्रीज, पीसी ज्वेलर्स, बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज, ग्राविटा इंडिया, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया और न्यूलैंड लेबोरेटरीज ने 100 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। कुछ दिनों पहले वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि वे लंबी अवधि के लिए भारतीय शेयर बाजार पर बुलिश हैं।

इसकी वजह जीडीपी में तेज वृद्धि दर का होना है, जिसके कारण कॉरपोरेट आय में भी इजाफा हो रहा है। छोटी अवधि में घरेलू निवेशकों की ओर से किया जाने वाला निवेश भी जारी रहने की उम्मीद है। वहीं, विदेशी निवेशकों की भी वापसी हो सकती है।

भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। इसके वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस साल की शुरूआत से अब तक निफ्टी करीब 17 प्रतिशत और सेंसेक्स करीब 16 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।

## राशिफल

**मेष :** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आपकी गैर यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।

**वृष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी मेहनत और लगन से लगातार आगे बढ़ते जायेंगे। किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मिथुन :** मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी।

**कर्क :** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों।

**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी बात को ध्यान से सुनना पसंद करेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश करते रहेंगे।

**कन्या :** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नेतृत्व का गुण और लोगों की जरूरतों को समझने की संवेदनशीलता है। खुद को अभिव्यक्त करने पर जोर देंगे, सफलता कदम चूमेगी।

**तुला :** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक :** दिन उत्तम रहेगा। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। अकारण शुरू हुई बाधाओं का अंत आज अपने आप हो जायेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद हो सकता है। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। मकान खरीदने या बनाने के मामले में पार्टनर की राय को नजरअंदाज ना करें।

**मकर :** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ :** दिन फायदा देने वाला रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव दिन खुशनुमा बना सकता है। वित्तीय मामले में थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है।

## चुटकुले

एक बार एक दादा-दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे जहां वो जवानी में मिला करते थे,
वहां खड़े-खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया
लेकिन दादी नहीं आई,
घर जाकर दादा गुस्से से, आई क्यों नहीं?
दादी शर्माते हुए,' मम्मी ने आने नहीं दिया'।

सुरेश- शादी के बाद तेरे घर से हमेशा हंसने की आवाज आती है, इतनी खुशी का राज क्या है?
रमेश- मेरी बीवी मुझे जूते मारती है,
लग जाए तो वो हंसती है,
नहीं लगे तो मैं हंसता हूं।

पिताजी- बेटा, मेरे लिए 1 गिलास पानी लाना,
पहला लड़का- नहीं लाऊंगा,
दूसरा लड़का- रहने दो पापा, ये तो है ही बदतमीज
आप खुद ले लो, और मेरे लिए भी 1 गिलास ले आना।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक बत्तख अपना सिर हिलाए बगैर नहीं चल सकती है।
- घोड़े आपस में बात करते समय चहरे के भाव भी इस्तेमाल करते है।
- मुर्गी अधिक से अधिक 13 सेकंड तक उड़ सकती है।
- गाय खड़ी होकर भी सो सकती है।
- कुत्तो में 7 तरह के ब्लड ग्रुप मिलते है।
- चींटी कभी नहीं सोती और उसके पास फेफड़े नहीं होते है।
- उल्लू अपने सिर को 270 डिग्री पर घुमा लेता है।
- विश्व के 50% सूअर चीन में पाले जाते है।
- मानव शरीर में पाई जाने वाली बेक्टीरियों की संख्या धरती पर मिलने वाले जीव-जन्तुओ की संख्या से भी बहुत अधिक है।
- संगीत सुनाते समय गाय का दु:ख दोहने पर वो अधिक मात्रा में दूध देती है।
- बिल्ली समुद्री जल को सुरक्षित पी लेती है।
- सबसे छोटी चिड़िया हमिंग बर्ड क्यूबा में पाई जाती है।
- ज्यादातर नर पक्षी ही गीत गाते है।
- चीनी हिरन का नवजात बच्चा इतना छोटा होता कि मानव की हथेली पर आ जाएगा।
- दुनिया में इंसानो की आबादी की तुलना में चीटियाँ 10,00,000 गुना संख्या में है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

19 09 2024

# आज के जन्मदिन

## परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



ईशा कोप्पिकर (अभिनेत्री)



लड्डू



केशवी मलिक



जयमाला नेगी



बरखा शंखला



धीरज शर्मा



संजय बग्गा



ललित मित्तल



अनूप गुप्ता



दीपक शर्मा




गौरव शर्मा



प्रदीप जांगिड़



वकील मलिक



विशाल गोस्वामी



देवांश त्यागी मनी



टिंकू



केशव सक्सेना



चन्द्रराज सिंह



वैभव शर्मा



अरूण कुमार



संजीव सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# हरमनप्रीत की अगुवाई में भारतीय हॉकी टीम का दबदबा रहेगा कायम





**ओलंपिक के मंच पर भारतीय हॉकी टीम की हमेशा धाक रही है। टोक्यो से पहले कहीं न कहीं टीम बड़े मंचो पर ये विरासत खो चुकी थी लेकिन एक बार फिर भारतीय हॉकी टीम का दौर लौट चुका है।**

**नई दिल्ली।** 'सरपंच साहब' हरमनप्रीत की अगुवाई में भारतीय हॉकी टीम का दबदबा कायम है। बेशक टीम पेरिस में मेडल का रंग बदलने से चूक गई, लेकिन लगातार दो ओलंपिक में कांस्य जीतकर इतिहास रचा था। इस फॉर्म को कायम रखते हुए टीम ने अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पर रिकॉर्ड पांचवीं बार कब्जा जमाया है।

ओलंपिक के मंच पर भारतीय हॉकी टीम की हमेशा धाक रही है। टोक्यो से पहले कहीं न कहीं टीम बड़े मंचो पर ये विरासत खो चुकी थी लेकिन एक बार फिर भारतीय हॉकी टीम का दौर लौट चुका है। हालांकि, घरेलू और एशियाई स्तर के टूनामेंट में भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने 41 साल के सूखे को खत्म करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया था। ये जीत भारतीय हॉकी के इतिहास के लिए सबसे खास जीत थी। भारतीय टीम ने मनप्रीत सिंह की कप्तानी में ये कारनामा किया था। इसके बाद टीम ने लगातार कई इवेंट में अपना दबदबा बनाया। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पुरुष हॉकी में रजत पदक जीता था।

पेरिस ओलंपिक में जो कमी टीम में दिखी, वो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में काफी हद तक दूर हो चुकी थी। दरअसल, टीम फील्ड गोल करने में नाकाम रही थी और ज्यादातर गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए आए। जबकि इस टूनामेंट में भारत ने कुल 26 गोल किए, जिसमें से 18 फील्ड और 8 पेनल्टी कॉर्नर से आए।

पिछले 3-4 साल में भारतीय हॉकी टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए विरोधी टीमों को बराबरी की टक्कर दी है। हालांकि, कई मौकों पर भाग्य का साथ टीम को नहीं मिला लेकिन कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि बीते कुछ साल जैसा प्रदर्शन टीम इंडिया का रहा है, उस देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि जल्द एक बार फिर भारतीय हॉकी टीम अपनी एक नई विजयी गाथा लिखेगी।

# 20 सितंबर से लीजेंड्स लीग का आगाज



लीजेंड लीग क्रिकेट जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में शुरू होगा



**लीजेंड लीग में कुल 6 टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों में संन्यास ले चुके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे। लीजेंड लीग में टीम इंडिया के पूर्व स्टार सुरेश रैना, हरभजन सिंह, विकेटकीपर दिनेश कार्तिक और शिखर धवन से लेकर हाशिम अमला जैसे खिलाड़ी भी भाग लेंगे।**

**जोधपुर ।** लीजेंड लीग क्रिकेट 20 सितंबर से जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में शुरू होने जा रहा है। इसको लेकर जहां क्रिकेट फैंस के बीच उत्साह है, वहीं यहां की क्रिकेट एसोसिएशन तैयारियों को पुख्ता और अंतिम रूप देने में जुटी हुई है।

लीजेंड लीग में कुल 6 टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों में संन्यास ले चुके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे। लीजेंड लीग में टीम इंडिया के पूर्व स्टार सुरेश रैना, हरभजन सिंह, विकेटकीपर दिनेश कार्तिक और शिखर धवन से लेकर हाशिम अमला जैसे खिलाड़ी भी भाग लेंगे। जोधपुर क्रिकेट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष वरुण धनाड़िया ने बताया कि प्रदेश सरकार खेलो इंडिया के तहत प्रदेश में खेलों को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश सरकार हर तरह से हमारा समर्थन कर रही है।

"हमने सभी इंतजाम करने की पूरी कोशिश की है, जिससे यहां आने वाले क्रिकेट फैंस और खिलाड़ियों को कोई समस्या न हो। साथ ही मुकाबले में प्रदेश के मंत्री और विशेष लोग भी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने यहां पहुंचगे।"

विमल शर्मा, वेन्यू मैनेजर, ने कहा, सबसे पहले तो राज्य सरकार और सीएम साहब, खेल मंत्री और राजस्थान के एडहॉक कमेटी का धन्यवाद । उन सबने स्टेडियम का बकाया बिजली बिल माफ करवाया और यहां बिजली का कनेक्शन फिर से चालू करवाया। लीजेंड लीग का भी शुक्रिया जो यहां ये टूनामेंट करवा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में यहां आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैच भी होंगे, जिससे लोकल क्रिकेटरों और फैंस का रोमांच और बढ़ेगा।

इस स्टेडियम में मैच करवाना एक चुनौती जैसा था क्योंकि इस स्टेडियम की लाइट से जुड़ी कुछ समस्या थी। लेकिन सभी चीजें समय रहते सही कर दी गई हैं, और अब इस स्टेडियम में डे नाइट मैच भी हो सकेंगे।

यह लीग 16 अक्टूबर तक खेली जाएगी। लीग के सभी मुकाबले 3 वेन्यू (जोधपुर, जम्मू और कश्मीर और सूरत।) पर खेले जाएंगे।

# लुका माजसेन चोट के कारण 6-8 सप्ताह तक रहेंगे इंडियन सुपर लीग से बाहर



**कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ सीजन के शुरुआती मैच के दौरान लगी चोट के कारण रहेंगे बाहर।**



**मोहाली।** पंजाब एफसी के फॉरवर्ड लुका माजसेन रविवार को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ सीजन के शुरूआती मैच के दौरान लगी चोट के कारण इंडियन सुपर लीग में 6-8 सप्ताह तक फुटबॉल से बाहर रहेंगे। स्लोवेनियाई खिलाड़ी के जबड़े में दो फ्रैक्चर हुए हैं और आने वाले दिनों में उनकी सर्जरी की जाएगी और वह मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। वह चिकित्सा स्थितियों और मेडिकल टीम की मंजूरी के आधार पर सर्जरी के बाद 6-8 सप्ताह में एक्शन में लौट आएंगे।

इस घटनाक्रम पर बोलते हुए, फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, ह्लयह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम आगामी मुकाबलों के लिए लुका की सेवाओं को मिस करेंगे। यह केरला ब्लास्टर्स के खिलाड़ी द्वारा किया गया एक अवांछित आक्रामक फाउल था, जिसके परिणामस्वरूप लुका को चोट लगी और हम एक क्लब के रूप में खेल की ऐसी आक्रामक प्रकृति का समर्थन नहीं करते हैं, जिससे कुछ भी हासिल नहीं होता है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने और जल्द से जल्द टीम में वापस आने की कामना करता हूं।"

लुका ने पेनल्टी को गोल में बदलकर पहला गोल किया और फिलिप मर्जलजैक को केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ विजयी गोल करने में सहायता प्रदान की और आईएसएल अभियान की जीत के साथ शुरूआत की। पंजाब एफसी अपने अगले मैच में शुक्रवार, 20 सितंबर को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी।

# पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग



**पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का करार किया**

**मोहाली।** पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को आईपीएल 2025 सीजन के लिए अपनी टीम का प्रमुख कोच बनाया है। इससे पहले वह पिछले सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे और दो महीने पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई थीं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का करार किया है और अब वह ही अपने कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्यों का चयन करेंगे। फि लहाल पंजाब के कोचिंग स्टाफ में ट्रेवर बेलिस (मुख्य कोच), संजय बांगर (क्रिकेट सुधार प्रमुख), चार्ल लैंग्वेल्ट (तेज गेंदबाजी कोच) और सुनील जोशी (स्पिन गेंदबाजी कोच) हैं। अब देखना होगा कि इन्हें पोंटिंग की नई टीम में जगह मिलती है या नहीं।

पंजाब किंग्स ने 2024 में 9वें स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया था। 2014 से पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है। पोंटिंग की पहली चुनौती उन खिलाड़ियों का चयन करना होगा, जो इस साल बड़ी नीलामी से पहले रिटेन किए जाएंगे। इसके बाद बड़ी नीलामी उनकी दूसरी चुनौती होगी। शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद कप्तान का चुनाव भी पोंटिंग के लिए एक और सिरदर्द होगा।

फिलहाल पिछले साल हर्षल पटेल, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था, वहीं उनके पास जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह और राहुल चाहर जैसे भारतीय खिलाड़ी जबकि सैम करन, लियाम लिविंगस्टन, जॉनी बेयरस्टो और कैगिसो रबाडा जैसे विदेशी नाम हैं।

पोंटिंग दिल्ली से पहले मुंबई इंडियन के साथ 2013 से 2016 के बीच सलाहकार और फिर मुख्य कोच के रूप में जुड़े थे।

# हमारा लक्ष्य टी20 टीम की प्लेइंग-11 को स्टेबल करना : एलिसा हीली

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि उनकी टीम प्रयोग करने के बजाय न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपने प्लेइंग-11 को स्टेबल करने का लक्ष्य रखेगी। यह सीरीज गुरुवार से मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में शुरू होगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की तैयारी शुरू हो गई है। यह टूनामेंट 3-20 अक्टूबर तक यूएई में होगा। मार्च में बांग्लादेश दौरे के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होगी।

एलिसा ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि जब आप हमारी टीम को देखते हैं, तो हम लंबे समय से टी20 खेल में काफी स्थिर रहे हैं। बांग्लादेश हमारे लिए कुछ चीजों को आजमाने का एक अच्छा अवसर था, अगर हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी बाहर हो जाते हैं, तो कौन उनकी भूमिका निभा सकता है। हम ऐसे कई सवालों के जवाब ढूंढ रहे थे।

मुझे लगता है कि अब हमारे लिए, विश्व कप से पहले हमारी प्लेइंग-11 में कुछ स्थिरता है। हम इस संबंध में अच्छी स्थिति में हैं दुबई की तुलना में बहुत अलग परिस्थितियां मिलेंगी, इसलिए यह हमारे लिए हर अवसर पर अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 के साथ खेलने और कुछ चीजों को सही जगह पर आजमाने का है। हमारे दिमाग में विश्व कप है और उसकी तैयारी पुख्ता करना हमारा लक्ष्य।

न्यूजीलैंड से मिलने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए, जिसे महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है, एलिसा ने कहा, हमने अतीत में न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ बेहतरीन मुकाबले खेले हैं। इनके खिलाफ एक बार फिर घरेलू और विदेशी सीरीज खेलना अच्छा है।

उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक और डार्सी ब्राउन को एक साथ प्लेइंग-11 में शामिल करने के लिए उत्सुक है, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इससे टीम थिंक टैंक के लिए चयन संबंधी परेशानी खड़ी हो जाएगी।



# केएल राहुल : टीम इंडिया का 'क्राइसिस मैन'!



**टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा**

**चेन्नई।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट गुरुवार (19 सितंबर) से चेन्नई में खेला जाएगा। यह मुकाबला लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा, जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। हालांकि, वक्त के साथ-साथ पिच का मिजाज भी बदलेगा।

पिच, प्लेइंग-11 और टीम कॉम्बिनेशन को लेकर कई बातें उठी लेकिन इस बीच केएल राहुल का जिक्र भी हुआ। सवाल यह है कि आखिर टीम इंडिया का 'क्राइसिस मैन', हर किसी का सॉफ्ट टारगेट क्यों बन गया?

दोनों टीमों को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। इन सबके बीच कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस की। पीसी में रोहित से केएल राहुल और सरफराज खान को लेकर सवाल किया गया। रोहित ने सीधे तौर पर राहुल का समर्थन किया। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि हर सीरीज शुरू होने के पहले टीम में केएल राहुल की पोजीशन पर सवाल आखिर क्यों?

इसका एक सबसे बड़ा कारण है कि लंबे समय तक खराब फॉर्म से जूझ रहे केएल राहुल को टीम ने हमेशा सपोर्ट किया और उन्हें मौके दिए। हालांकि, वो दौर अब बीत चुका है और केएल राहुल काफी हद तक टीम में जगह बनाने के हकदार हैं।

कोच या कप्तान ने उन्हें इसलिए भी बैक किया था क्योंकि ये वो बल्लेबाज है जो हर पैमाने में खुद को फिट करने की क्षमता रखता है। ओपनिंग से लेकर नंबर-5 तक बल्लेबाजी करना, विकेटकीपिंग संभालना और कई मौकों पर टीम की कप्तानी भी करना। यह सब रोल केएल राहुल निभा चुके हैं। एक समय था जब उन्हें टीम इंडिया का 'स्टेपनी' कहा जाता था।

हालांकि, राहुल पिछले कुछ वर्षों में एक सॉफ्ट टारगेट बन चुके हैं, फॉर्मेट चाहे जो भी हो। लेकिन जब-जब राहुल पर सवाल किया गया है उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को जवाब दिया है।



# मीराबाई चानू का काम अभी अधूरा है : कोच विजय शर्मा



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर (भारोत्तोलन) मीराबाई चानू के कोच विजय शर्मा का मानना है कि इस खिलाड़ी में बहुत कुछ बाकी है और उनका काम अभी अधूरा है।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता, पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहीं और महिलाओं की 49 किग्रा श्रेणी में बहुत कम अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं।

मोदीनगर में अस्मिता महिला भारोत्तोलन लीग के दौरान साई मीडिया से बात करते हुए 2014 से मारीबाई के साथ जुड़े हुए कोच विजय शर्मा ने कहा, पेरिस के बाद, हम दोनों ने भविष्य पर चर्चा की और फैसला किया कि मीराबाई को प्रतिस्पर्धा में बने रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, मैं 2014 से मीराबाई के साथ काम कर रहा हूं और वह बहुत बेहतरीन एथलीट हैं। मीराबाई पेरिस में चौथे स्थान पर रहीं और हम दोनों को लगता है कि अभी और काम करना बाकी है।

पेरिस में कड़ी प्रतिस्पर्धा में मीराबाई को थाईलैंड की सुरोदचना खंबाओ के खिलाफ कांस्य पदक मैच हारना पड़ा। खंबाओ ने कुल 200 किलोग्राम (88 स्नैच + 112 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) उठाया, जबकि मीराबाई ने 199 (88 + 111) किलोग्राम उठाया।

चीन की होउ झिहुई (206 किलोग्राम) ने टोक्यो ओलंपिक का अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा, जबकि रोमानिया की मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मिहेला कैम्बेई (205 किलोग्राम) ने रजत पदक जीता।

मीराबाई ने कहा था, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और चोट से वापस आने के बाद जो मैंने किया, उससे खुश हूं।

इस एथलीट ने यह भी बताया था कि वो मुकाबले के दौरान थोड़ी कमजोर पड़ गईं क्योंकि उसी समय उनके पीरियड्स आ गए थे। इस बात का जिक्र करते हुए शर्मा ने कहा, महिला खिलाड़ियों के खेल में यह एक हिस्सा है।


द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राष्ट्रीय कोच ने कहा कि अस्मिता जैसे लीग ने महिलाओं के लिए खेल करियर बनाने के लिए एक अच्छा मंच तैयार किया है।

# महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान



**हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। वहीं, स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी।**


फाइल फोटो
महिला टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में खेला जाएगा



**भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है।**

**ढाका।** आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। मंगलवार को बीसीसीआई ने टीम की घोषणा की। हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। वहीं, स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। महिला चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम का चयन किया। महिला टी20 विश्व कप इस साल संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टूनार्मेंट का यह नौवां संस्करण तीन से 20 अक्तूबर तक दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत चार अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला छह अक्तूबर को खेला जाएगा। यह दोनों मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे।

इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। चयनकताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की ओपनिंग जोड़ी पर भरोसा जताया है। वहीं, मध्यक्रम की जिम्मेदारी कप्तान हरमनप्रीत, जेमिमा, दीप्ति और ऋचा पर होगी। पूजा और श्रेयंका पर मैच फिनिश करने की जिम्मेदारी होगी। श्रेयंका को टीम में शामिल तो किया गया है, लेकिन टूनार्मेंट से पहले उनकी फिटनेस की जांच होगी। अभी टूनार्मेंट में काफी वक्त है, ऐसे में श्रेयंका के फिट होने की उम्मीद है। यह धाकड़ स्पिन ऑलराउंडर अपना दिन होने पर किसी भी मैच को पलटने की क्षमता रखती है। हरमनप्रीत कौर चौथी बार इस टूनार्मेंट में कप्तानी करती दिखेंगी। वह 2018, 2020 और 2023 महिला टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान संभाल चुकी हैं।

स्पिन की जिम्मेदारी अनुभवी दीप्ति, राधा और आशा के कंधों पर होगी। यूएई में स्पिनर्स का बोलबाला रह सकता है। भारतीय महिला टीम ने पिछली टी20 सीरीज मई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। उस टीम से तीन खिलाड़ी इस टीम में नहीं हैं। इनमें उमा छेत्री, शबनम शकील और अमनजोत कौर शामिल हैं। उमा ट्रैवलिंग रिजर्व में हैं, जबकि शबनम और अमनजोत को शामिल नहीं किया गया है। वहीं, भारत की ए टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ टूनार्मेंट खेला था। इसमें कप्तानी करने वाली मिन्नू मणि, साइका इशाक और मेघना सिंह जैसी खिलाड़ियों को भी मौका नहीं दिया गया है।

**पांच-पांच टीमों के दो ग्रुप :** महिला टी20 विश्व कप में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमों को रखा गया है। वहीं, ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें शामिल हैं। टूनार्मेंट से पहले 28 सितंबर से एक अक्तूबर तक 10 अभ्यास मैच खेले जाएंगे।

# गाजियाबाद में सड़क पर किसान एनएच-9 स्थित वेव सिटी का मेन गेट घेरकर धरने पर बैठे, 12 सितंबर को दी थी चेतावनी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक बुधवार को किसान वेव सिटी बिल्डर के खिलाफ एनएन-9 पर पहुंच गए। किसानों ने वेव सिटी के मुख्य द्वारा को ट्रैक्टर लगाकर बंद कर दिया और वहीं धरना देकर बैठ गए। शहर में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने के चलते किसानों के प्रदर्शन से पुलिस के हाथ- पांव फूले हुए हैं। मौके पर पहुंचे वेव सिटी थाना प्रभारी ने किसानों का मान मनव्वल कर एनएच-9 पर यातायात सामान्य कराने का प्रयास किया।




### 12 सितंबर को दी थी आंदोलन की चेतावनी

किसानों के प्रदर्शन के चलते एनएच-9 पर आवाजाही काफी देर तक प्रभावित रही। हालांकि अब स्थिति सुधर गई है। बता दें कि वेव सिटी से प्रभावित किसानों एक सप्ताह पूर्व 12 सितंबर को इकला गांव में बैठक कर एलान किया था कि 18 सितंबर को किसान वेव सिटी के मुख्य द्वार और बिल्डर कार्यालय को बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने चेतावनी दी थी कि यह धरना प्रदर्शन मांगे नहीं माने जाने तक जारी रहेगा। बता दें कि उस समय तक किसानों को भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी नहीं थी।

### किसानों ने गांव- गांव जाकर जुटाया समर्थन

जिलाध्यक्ष लोकेश नागर ने कहा था कि जिला प्रशासन व जीडीए ने किसानों के साथ किया वादा पूरा नहीं किया। वादा खिलाफी पर संगठन नं गांव गांव जाकर किसानों को इकट्ठा करने और 18 सितंबर को वेव सिटी का मुख्य द्वार और बिल्डर कार्यालय पर किसान ट्रैक्टर ट्राली से पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था।

### भारतीय किसान संगठन की अगुवाई में आंदोलन

भारतीय किसान संगठन के बैनर तले वेव सिटी से प्रभावित किसान आंदोलन कर रहे हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव इस आंदोलन की कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन पर वादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अपनी मांगों को लेकर किसानों ने 21 अगस्त को वेव सिटी के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान जिला प्रशासन व जीडीए अधिकारियों ने 12 सितंबर को बिल्डर के साथ बैठक कराते हुए सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन किसानों को बैठक के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई।

# 10 अक्टूबर को संतोष ऐकेडेमिया की छात्रवृत्ति परीक्षा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष ऐकेडेमिया 10 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर सेट संतोष ऐकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन (सेट 2024) का आयोजन करने जा रहा है। इसी संदर्भ में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संतोष ऐकेडेमिया के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सी.ओ.ओ.) विक्की माहेश्वरी ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा आगामी 10 अक्टूबर को गाजियाबाद शहर में आयोजित होगी। इस परीक्षा में कक्षा 8वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इन सभी विद्यार्थियों को संतोष ऐकेडेमिया की तरफ से प्रमाण पत्रों के अतिरिक्त नगद पुरस्कार भी मिलेंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 30 हजार का रहेगा। उपरोक्त पुरस्कार प्रत्येक कक्षा के विधार्थियों को वितरित किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होगी। कुल छात्रवृत्ति 50 लाख तक की रहेगी। विधार्थियों के अतिरिक्त ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट्स इत्यादि शिक्षकों को भी प्रदान किए जाएंगे।

विक्की माहेश्वरी ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा 1 घंटे की रहेगी। परीक्षा में प्रश्नों की संख्या तीस रहेगी। प्रत्येक प्रश्न चार अंक का होगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 26 सितंबर रहेगी। परीक्षा परिणाम 27 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के अवसर पर संतोष ऐकेडेमिया के नेशनल हेड एडमिशन सुशील कुमार शर्मा, रीजनल हेड मनीष गौतम इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# तीमारदार ने महिला गार्ड को मारी लात, अस्पताल की लिफ्ट में रोका तो सुरक्षाकर्मी को तीन बार पटका

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार को जेपी हॉस्पिटल में तीमारदारों ने सिक्योरिटी गार्ड की जमकर पिटाई की। जब वहां मौजूद महिला गार्ड बचाने आई तो उसे भी धक्का देकर गिरा दिया। तीमारदारों ने गार्ड को लात से मारते हुए जमीन पर गिरा दिया। दरअसल, गार्ड तीमारदारों को लिफ्ट पर जाने से रोक रहा था, क्योंकि लिफ्ट सिर्फ डॉक्टर के लिए थी। इससे गुस्साए युवकों ने सुरक्षा गार्ड को तीन बार पटका। बीच-बचाव करने पहुंची महिला गार्ड को लात मारी और धक्का दिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो सामने आने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। घटना सेक्टर-126 की है।

एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया- अस्पताल से एक वीडियो सामने आया है। जिसमें एक गार्ड से कुछ लोग मारपीट करते हुए दिख रहे हैं। अस्पताल की लिफ्ट में चढ़ने को लेकर विवाद हुआ था। गार्ड ने लोगों को लिफ्ट में चढ़ने से रोका था। क्योंकि वह लिफ्ट अस्पताल स्टाफ के लिए थी। तीमारदार इसी वजह से गुस्सा होने के बाद आपा खो बैठे।

मामले का संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक का नाम अक्षय सहगल है, जो जगतपुरी दिल्ली का



रहने वाला है। दूसरे का नाम वैभव है, जो नोएडा सेक्टर-108 का रहने वाला है।

### सीसीटीवी में गार्ड को मारते दिखे दो युवक

हॉस्पिटल में मारपीट का यह वीडियो 1 मिनट 19 सेकेंड का है। इसमें दिख रहा है कि दो युवक और एक सुरक्षा गार्ड लिफ्ट के पास खड़े हैं। कुछ ही देर में दबंगों ने सुरक्षा गार्ड को लात मारकर लिफ्ट से बाहर धकेल दिया। जब एक महिला गार्ड उसे बचाने की कोशिश करती है, तो वे दोनों नहीं रुकते हैं। उसे भी धक्का देकर दूर फेंक देते हैं। इसके बाद दृश्य और भी भयावह हो जाता है। वीडियो में दिख रहा है कि दबंग युवक महिला कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड को लात-घूसों से बुरी तरह पीट रहे हैं। आसपास मौजूद लोग झगड़ा सुलझाने की कोशिश करते हैं, लेकिन दबंग युवक लगातार गार्ड की पिटाई में लगे रहते हैं।

# क्रिकेट मैच रद करने को अमित शाह से मिलेंगे

## यति नरसिंहानंद बोले- दिल्ली में भारत-बांग्लादेश मैच नहीं होने देंगे, सरकार हमें बंधुआ न समझे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारत में बांग्लादेश के साथ चल रही क्रिकेट श्रृंखला का विरोध जारी है। श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने बुधवार को फिर दोहराया कि भारत-बांग्लादेश का क्रिकेट मैच नहीं होने देंगे। इसके लिए सभी हिन्दू संगठन 25 सितंबर को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर जाकर निवेदन करेंगे। महामंडलेश्वर ने कहा- गृहमंत्री इस निवेदन को स्वीकारते हैं तो उनका अभिनंदन होगा। अगर सरकार इस श्रृंखला को कराने पर अड़ी रही तो दिल्ली में हम किसी कीमत पर कोई मैच नहीं होने देंगे।



यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा- बांग्लादेशी हिन्दू भाइयों के कातिलों का दिल्ली में स्वागत संभव नहीं होगा। अगर शाहीनबाग और गाजीपुर बॉर्डर पर बैठकर प्रदर्शनकारी सरकारों को झुका सकते हैं तो हम भी सरकार को बता देंगे कि सरकार हम हिंदुओं को अपना बंधुआ गुलाम समझने की भूल न करे। बुधवार को विभिन्न हिन्दू संगठनों से जुड़े विनोद सर्वोदय, महेश आहुजा, सुभाष बजरंगी, अनिल यादव, धीरज फौजी, मुकेश त्यागी, अक्षय त्यागी, मोहित बजरंगी, पंडित प्रेमपाल आदि ने शिवशक्ति धाम डासना पहुंचकर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को अपना समर्थन दिया।

# हापुड़ पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत

## बोले, आज हर वर्ग का व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाह रहा है

**हापुड़ करंट क्राइम।** उत्तराखंड के पूर्व सीएम और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत हापुड़ पहुंचे। इस उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है, यह अभियान पार्टी संगठन महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी से अधिक से अधिक नौजवानों के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग के लोग जुड़े इसके लिए कार्यकताओं को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।




### क्या बोले पूर्व सीएम?

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कॉलेज, विश्वविद्यालयों में जाकर नए सदस्यता बनाएं। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग का व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाह रहा है, देश के पीएम नरेंद्र मोदी से जुड़ना चाह रहा है। पार्टी की नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि अब स्वच्छता सेवा पखवाड़ा भी प्रारंभ हो चुका है। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरा करें। उन्होंने कहा सदस्यता अभियान को सफल बनाना होगा, यह सदस्यता अभियान पूरे विश्व में एक कीर्तिमान स्थापित करेगा।

इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक विजयपाल सिंह, गढ़मुक्तेश्वर के पालिकाध्यक्ष राकेश बजरंगी, हरीश ठाकुर, जिला महामंत्री प्रफुल्ल सारस्वत, मोहन सिंह, पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, राजेश शर्मा, राज सुंदर तेवतिया, राकेश त्यागी, नीलम सिंह, पिंकी त्यागी, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, पूर्व मंत्री मदन चौहान, पायल गुप्ता, प्रभात अग्रवाल, पवन गर्ग, अंशुल मित्तल, जिला मीडिया सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंधी-बारिश से पेड़ और खंभे टूटे इंदिरापुरम में कैब के ऊपर गिरा पेड़

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में मंगलवार रात तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे कई जगह नुकसान हुआ। कई इलाकों में पेड़-खंभे टूट गए। होर्डिंग उड़कर सड़क पर आ गिरे। जलभराव हो गया। इससे आधी रात तक ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ा। पॉवर कॉर्पोरेशन और नगर निगम कर्मचारी रात में भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटे नजर आए। टीएनटी सोसाइटी में टीन शेड घरों पर गिरी इंदिरापुरम क्षेत्र के अहिंसा खंड-2 में सोसाइटी है। यहां टीन शेड का एक बड़ा हिस्सा उड़कर लोगों के घरों पर आकर गिरा। गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया। सोसाइटी के लोगों में इस घटना को लेकर गुस्सा था। उनका कहना था कि इस टीन शेड में करंट उत रहा था। इसे लेकर लोगों ने मेंटेनेंस टीम पर अपना गुस्सा भी उतारा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारी लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। नेशनल हाईवे-9 पर भरा पानीइंदिरापुरम क्षेत्र में ही पेड़ तेज आंधी में एक कैब के ऊपर जा गिरा। इस हादसे के वक्त कैब के अंदर ड्राइवर या कोई यात्री मौजूद नहीं था।



## कुमार विश्वास ने एक्स पर साइबर क्राइम का पोस्ट किया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साइबर क्राइम की वारदातें देश भर से हर रोज सुनने को मिल रही हैं। ऐसे में जाने-माने कवि कुमार विश्वास के घर में काम करने वाली महिला भी अब इसका शिकार हो गई है। कुमार विश्वास ने एक्स पर लिखा है- 'देश में साइबर अपराध की हद व हिम्मत ये है कि हैदराबाद से स्वयं को आईपीएस आकाश बताने वाला एक अपराधी पूरी आईपीएस की वर्दी पहन कर हमारी एक गृह परिचारिका को वीडियो कॉल कर रहा है कि उसका बेटा (जिसका बेटा ही नहीं है) साइबर क्राइम में वांछित है। पैसे मांग रहा है और गालियां दे रहा है। सरकारों को इन अपराधियों पर समय रहते अंकुश लगाना होगा। अन्यथा सरल सीधे लोगों का शोषण होता ही रहेगा।'








# किस टू-स्टार की आई कार्यक्रम में शामत

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बुधवार को घंटाघर रामलीला मैदान का नजारा खास था। प्रदेश वाले महाराज जी के कार्यक्रम में कमिश्नरेट के सभी शीर्ष अधिकारी ऑन फील्ड ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आ रहे थे। कार्यक्रम में एक नजारा ऐसा आया जब कमिश्नरेट के साहब गुस्से से लाल हो गए और गुस्सा फूटा एक टू-स्टार पर। मौके का सीन और इशारे व भाव बता रहे थे कि टू-स्टार ड्यूटी के दौरान एक टक मंच की ओर सीएम को निहारने का काम कर रहा था। जैसे ही इस सीन पर कमिश्नरेट वाले साहब की नजर गई, उन्होंने डी के अंदर अपने कदम तेजी से बढ़ाए और बैरिकेडिंग के पास जाकर पुलिसकर्मी को इशारा कर टू-स्टार को अपने पास बुलाया। मौके का जो भाव और एक्सप्रेशन थे वह बता रहे थे कि टू-स्टार को जमकर लताड़ा गया है। बताया गया है कि ड्यूटी का अंदाज और सलीका क्या होता है। वहीं सुनने में आ रहा है कि जिस तरीके का कार्यक्रम वाले मैदान पर अधिकारी का सीन था, वह गुस्से की ओर इशारा कर रहा था। कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही यह नजारा आम हुआ तो इसकी सूचना पीछे खड़े पुलिस के अन्य लोगों



तक भी पहुंच गई। जिसके बाद एक एडीसीपी स्तर के अधिकारी ने बाकायदा कई ब्लॉक में जाकर पुलिसकर्मियों पर नजरें रखने और उनको रोकने और टोंकने का काम किया। बताया जा रहा है कि वैसे जिस ब्लॉक का यह पूरा मामला था, वहां बड़ी संख्या में छात्र जमा हुए थे। कुल मिलाकर पूरा जर्मन हैंगर था, वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए छात्रों की भीड़ से भरा हुआ था। बारिश वाले खलल के बावजूद पुलिस के आईपीएस अधिकारी स्तर के ऑफिसर्स छतरी के सहारे अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहे थे। तो वहीं ऐसे पुलिसकर्मी भी थे, जो डोर फ्रेम मैटल डिटेक्टर प्रवेश द्वार की ड्यूटी दे रहे थे, तो बारिश उनको अपनी चपेट में ले रही थी। कुल मिलाकर कार्यक्रम में इस बार पार्किंग का मैनेजमेंट बेहतर नजर आया, तो वही पुलिस की पर्याप्त संख्या में मौजूदगी भी देखने को मिली है। कुल मिलाकर कार्यक्रम शांतिपूर्वक निपटा और रामलीला मैदान के अंदर जो टू-स्टार की शामत वाला सीन हुआ, वह कई पुलिसकर्मियों के लिए हैरान और परेशान करने वाला भी रहा बताया जा रहा है। वैसे भले साहब ने गुस्से का परिचय दिया हो लेकिन उनकी पैनी नजर और पनिशमेंट वाला अंदाज मंच पर बैठे कई माननीय ने भी बखूबी देखा है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते पुलिस ने कई लोगों को किया नजरबंद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि पुलिस ने एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी को उनके घर पर नजरबंद कर लिया है। इस वीडियो में दो महिला पुलिसकर्मी भी बैठी नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा है कि एक माह में ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर में हैं और गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी नजरबंद कर दिए गए हैं। पुलिस द्वारा नजरबंद किये गये लोगों में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) के अध्यक्ष सीमा त्यागी व मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी सपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित, राष्ट्रीय हिंदू वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यम पंडित, सपा नेता विक्की ठाकुर शामिल हैं। विवेक त्यागी ने मुख्यमंत्री से सवाल किया है कि क्या शिक्षा के अधिकार की आवाज उठाना अपराध है। क्या राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों द्वारा बच्चों के दाखिले न लेने पर आवाज उठाना अपराध है?



गाजियाबाद पेरेंटस एसोसिएशन (जीपीए) के अध्यक्ष सीमा त्यागी व मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी हुए नजरबंद



सपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित को किया गया हाऊस अरेस्ट, घर पर दिया ज्ञापन



राष्ट्रीय हिंदू वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यम पंडित को किया नजरबंद



सपा नेता विक्की ठाकुर को किया नजरबंद, सौंपा ज्ञापन

### एक्ट से सूबे के एक भी अभिभावक को नहीं मिला लाभ

हम कहते हैं कि प्राइवेट स्कूल अभिभावकों से कॉपी, किताब, स्टेशनरी, मौजे, जूते और वार्षिक शुल्क और मोटी फीस के नाम पर लूट की जा रही है, इस आवाज को हम मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाना चाहते हैं तो ये गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन गुनाह नहीं कर रही है। विवेक त्यागी ने कहा है कि मुख्यमंत्री जी आपने 2018 में, जब गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने कविनगर रामलीला मैदान में प्रोटेस्ट किया था, तब आपने फीस रेगुलेटिंग एक्ट बनाया था और आपने घोषणा की थी कि मैने पेरेंट्स की पीड़ा को समझा है, लेकिन आपके द्वारा बनाए गए फीस रेगुलेटिंग एक्ट से प्रदेश के एक भी अभिभावक को लाभ नहीं मिला है। जीपीए के मीडिया प्रभारी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक महीने में लगातार दूसरी बार गाजियाबाद आगमन से पहले ही शिक्षा व्यवस्था में बदलाव और अभिभावकों की आवाज उठाने वाली संस्था गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और पदाधिकारियों को नजर बंद करने सुबह 5 बजे ही पुलिस उनके आवास पर पहुंच गई थी।

# श्याम बाबू अग्रवाल एवं ओम प्रकाश वर्मा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन का 15वां महाधिवेशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव अशोक चावला के नेतृत्व में लाजपत भवन, कानपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के संरक्षक श्याम बाबू अग्रवाल (आगरा) को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। दूसरा पुरस्कार ओम प्रकाश वर्मा (कानपुर) को मरणोपरांत दिया गया। श्याम बाबू अग्रवाल का पुरस्कार उनके सापुत्र तरुण अग्रवाल ने प्राप्त किया और ओमप्रकाश वर्मा का पुरस्कार उनके पोते मयंक वर्मा ने प्राप्त किया। 15 सितंबर को एक पत्रिका का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के चेयरमैन गिरीश कुमार, वाईस चेयरमैन गोपेश अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक चावला, कोषाध्यक्ष ओम मेहरा, महामंत्री अभिलेश वर्मा उपस्थित रहे। कानपुर टेंट व्यापारी एसोसिएशन के संरक्षक विजय कपूर, अध्यक्ष अमित साहनी, महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता एवं समस्त उत्तर प्रदेश के व्यापारी गण मौजूद रहे।

# नोएडा में वाहन चोर गैंग का खुलासा : नाबालिग समेत दो गिरफ्तार, राजधानी के कबाड़ियों से है साठगांठ

- आरोपी अब तक 40 से से ज्यादा बाइक चोरी कर बेच चुके हैं।

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक नाबालिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दावा है कि पकड़े गए आरोपी देश की राजधानी दिल्ली में बड़े कबाड़ियों को चोरी की बाइक बेचते थे। आरोपी अब तक 40 से से ज्यादा बाइक चोरी कर बेच चुके हैं।




नोएडा जोन एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों में से एक नाबालिग है। हालांकि वह 9वीं फेल है। उम्र में धोखाधड़ी का शक है। दूसरे आरोपी की पहचान नितीश शर्मा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बाराबंकी का रहने वाला है। फिलहाल वह दिल्ली के मयूर विहार में रह रहा था। एडीसीपी ने बताया कि ये आरोपी लोगों की नजर बचाकर मेट्रो स्टेशन, भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और शहर के कई अन्य स्थानों पर गाड़ी ले जाते थे और उसे किसी सुरक्षित जगह पर साइड में पार्क कर देते थे। जिसके बाद ये बाइक पर नजर रखते थे। साथ ही ये सुनिश्चित करते थे कि जैसे ही लोगों का ध्यान बंटे और किसी को इन पर शक न हो, ये बाइक लेकर फरार हो जाते थे। दोनों आरोपियों को 6 बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें से 5 बाइकों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और एक बाइक लावारिस बताई जा रही है।

### सस्ते दामों में दिल्ली में बेचते थे बाइक

ये आरोपी चोरी की गई गाड़ियों को दिल्ली में सस्ते दामों पर बेचते थे। इस तरह आरोपियों ने बाइक चोरी को अपना धंधा बना लिया था। पुलिस का कहना है कि इनके चोरी के मामले दिल्ली में भी दर्ज हैं। अन्य खुलासों के साथ ही पुलिस चोरी की गाड़ियां खरीदने वालों की भी जांच कर रही है।

# गाजियाबाद में राम जी की सेना ने की श्रीश्री 108 रामभद्र की नियुक्ति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राम जी की सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष तनुज गंभीर ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर राम जी की सेना के गठन की शुरुआत की है जिसमें सुनील शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संदीप चौहान राष्ट्रीय सचिव, वंश गर्ग राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, ज्योति सिंह राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एवं मोहित आनंद को राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इस कड़ी में पहले फेस में श्री श्री 108 रामभद्र की 35 नियुक्ति हनुमान मंदिर जी टी रोड घंटा घर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**नियुक्ति पत्र के साथ गाड़ी स्टीकर एवं रामभद्र नेम प्लेट प्रदान की गई :** राष्ट्रीय अध्यक्ष तनुज गम्भीर ने बताया की पूरे भारत में कई हिंदू संगठन चल रहे हैं जो सिर्फ और सिर्फ राजनीति एवं धर्म से संबंधित बातें करते हैं जबकि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के बताए रास्ते पर चलेगी। साल के 12 महीने में अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें सर्दी के मौसम को देखते हुए जनवरी-फरवरी में कंबल का वितरण किया जाएगा। गर्मियों के अंतराल छबील लगाई जाएगी। 108 पंडितों को भोजन कराया जाएगा। भंडारे किए जाएंगे एवं नर सेवा नारायण सेवा के तहत गरीब असहाय लोगों को हर प्रकार की मदद दी जाएगी। एक पूरा पशुपालन विभाग बनाया जाएगा जिसमें बेजुबान जानवरों को होने वाली समस्याओं में उनका ध्यान रखा जाएगा। सिर्फ जनसेवा एवं पशु सेवा पर नया इतिहास रचेगी राम जी की सेना।

### अगले फेस में महामंत्रियों की नियुक्ति की जाएगी

भारतवर्ष के सभी मंदिरों को श्री राम जी की सेना का संरक्षक बनाया जाएगा। आने वाले सभी कार्य उनके फेसबुक पेज पर, इंस्टाग्राम पेज पर अपलोड किए जाएंगे और पूरे देश में राम जी की सेना एक नई मिसाल पेश करेगी। राम जी की छाया ट्रस्ट रजिस्टर्ड के अंदर कार्यरत है।

# मोबाइल को छोड़ पेजर का इस्तेमाल क्यों कर रहा था हिजबुल्ला

**नई दिल्ली।** मंगलवार को लेबनान में कुछ ऐसा हुआ जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। लेबनान में सीरियल पेजर धमाके हुए हैं जिसमें तीन हजार से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं और कई लोगों की जान चली गई है। घायलों में सशस्त्र समूह हिजबुल्ला के सदस्य और डॉक्टर शामिल थे। हमलों से ज्यादा चर्चा इसमें इस्तेमाल पेजर तकनीक की हो रही है। मोबाइल आने से पहले पेजर का इस्तेमाल संचार के माध्यम के रूप में किया जाता था।

हालांकि, इस्राइल से जारी संघर्ष के बीच हाल के दिनों में हिजबुल्ला के सदस्यों ने इसे अपनाया। दावा किया गया है कि इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ था, जो इसकी खुफिया सेवा मोसाद और सेना के बीच एक साझा



## महीनों पहले इसमें विस्फोटक कैसे लगाए गए

अभियान था। लेबनानी सरकार ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे 'आपराधिक इस्राइली आक्रमण' बताया।

**विस्फोट कब और कहां हुए :** पेजर हमले में देश के कई क्षेत्र प्रभावित हुए। हमले में विशेषकर बेरूत के दक्षिणी उपनगर को निशाना बनाया गया जो एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है और हिजबुल्ला का गढ़ माना जाता है। धमाकों के बाद सड़क पर दुकानदार और पैदल चल रहे लोग गिर गए। हमले कम से कम नौ लोग मारेगए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था और करीब 3000 लोग घायल हो गए। धमाकों से लेबनान के अस्पतालों में अफरा-तफरी मच गई।

**विस्फोट दोपहर लगभग 3:30** बजे (स्थानीय समयानुसार) लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों दहिए और पूर्वी बेका घाटी में शुरू हुए। ये विस्फोट कुछ सेकंड या मिनट तक नहीं बल्कि लगभग एक घंटे तक होते रहे। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने प्रत्यक्षदर्शियों और दहिए के निवासियों ने हवाले से बताया कि उन्होंने शाम 4:30 बजे तक भी विस्फोटों की आवाज सुनी।

## पाक के बैलिस्टिक प्रोजेक्ट पर अमेरिका ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को लेकर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि परमाणु हथियार किसी के लिए भी ठीक नहीं है, इसके प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका प्रतिबद्ध है।



मंगलवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मिलर ने कहा कि पिछले हफ्ते अमेरिका ने छह चीनी संस्थानों और एक बेलारूसी इकाई के खिलाफ कार्रवाई की, जिन्होंने पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम की आपूर्ति के लिए काम किया।

**पाकिस्तान के बैलिस्टिक कार्यक्रम के आपूर्तिकताओं पर लगा प्रतिबंध :** अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक कार्यक्रम के आपूर्तिकताओं पर प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध पर अमेरिका की चिंता को लेकर मिलर से सवाल किया गया।

# भारत ज्यादा आयात शुल्क लगाता है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का बयान है, पीएम नरेंद्र मोदी शानदार व्यक्ति हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान भारत पर आयात शुल्क का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। हालांकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और उन्हें शानदार व्यक्ति बताया। मिशिगन में अपने चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते अमेरिका दौरे पर आने वाले हैं और उस दौरान वह पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21-23 सितंबर तक अमेरिका दौरे पर रहेंगे।



### ट्रंप ने कहा- भारत बहुत सख्त है

रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'भारत, आयात शुल्क का दुरुपयोग करता है। वह (पीएम मोदी) अगले हफ्ते मुझसे मिलने आ रहे हैं। मोदी एक शानदार व्यक्ति हैं। अमेरिका आ रहे नेताओं में से कई शानदार हैं।' उन्होंने दोहराया कि 'भारत आयात पर भारी शुल्क लगाता है। भारत बहुत सख्त है। ये लोग सबसे चतुर लोग हैं।' उन्होंने कहा, 'वे (भारतीय) अपने खेल के शीर्ष पर हैं, और वे इसका इस्तेमाल हमारे खिलाफ करते हैं। भारत भी सख्त है। ब्राजील बहुत सख्त है...चीन सबसे सख्त है।'

**ट्रंप बोले- राष्ट्रपति बना तो जैसे के साथ तैसा का व्यवहार करेंगे :** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि 'अगर वे चुनाव जीतते हैं, तो अमेरिका भी जैसे के साथ तैसा करेगा।

अगर कोई हम पर 10 पैसे आयात शुल्क लगाएगा या दो डॉलर या 250 प्रतिशत लगाएगा तो हम भी उनसे उतना ही आयात शुल्क वसूलेंगे।

इस तरह हम फिर से मुक्त व्यापार में आ जाएंगे।' ट्रंप इससे पूर्व में भी भारत द्वारा कई अमेरिकी उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाने की आलोचना की थी।

## ब्रिटेन ने ई-वीजा के लिए शुरू किया खास अभियान




नई दिल्ली। ब्रिटेन ने बुधवार को बारतीय समेत सभी अप्रवासियों से आग्रह करते हुए एक बड़ा अभियान शुरू किया जो भौतिक आव्रजन दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे ई-वीजा में परिवर्तन के लिए तत्काल कार्रवाई की जा सके। बायोमेट्रिक निवास कार्ड (बीआरसी) को अगले साल तक पूरी तरह से ऑनलाइन सिस्टम में बदल दिया जाएगा।

अधिकांश बीआरपी इस साल के अंत में समाप्त होने वाली है। इन्हें यूके वीजा ऑनलाइन खाता बनाकर और लॉग इन करके एक्सेस करने के लिए चरणों में स्वचालित रूप से ऑनलाइन किया जा रहा है।

## मेटा ने रूस के सरकारी मीडिया पर लगाया प्रतिबंध

फेसबुक के मालिक मेटा ने कहा कि वह अपने प्लेटफॉर्मों से आरटी, रोसिया सेगोडान्या और अन्य रूसी राज्य मीडिया नेटवर्क पर प्रतिबंध लगा रहा है।

उसने यह कदम अमेरिकी प्रशासन द्वारा मीडिया आउटलेट पर अमेरिकी चुनावों और लोकतंत्रों को कमजोर करने के मकसद से गोपनीय प्रभाव गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाने के कुछ दिन बाद उठाया।

यह प्रतिबंध रूसी राज्य मीडिया के खिलाफ दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी की कार्रवाइयों में तेजी का प्रतीक है।


मेटा ने घोषणा की है कि वह रूसी सरकार नियंत्रित आरटी को भी अवरुद्ध कर रहा है।

# कानून व्यवस्था सुधारने के लिए अंतरिम सरकार का फैसला

## बांग्लादेश में सेना को मिलीं न्यायिक शक्तियां

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश में कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सेना को दो महीनों के लिए न्यायिक शक्तियां दी है। लोक प्रशासन मंत्रालय ने सरकार के फैसले पर एक अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। शक्तियां सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी को दी गई है। यह अधिकारी अगले 60 दिनों लागू होगा। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 17, जो सेना के अधिकारियों को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट का दर्जा देती है, ने कहा कि ये अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट डिप्टी कमिश्नरों के अधीनस्थ होंगे।

कानून सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा, हम कई स्थानों पर तबाह करने वाले कृत्य देख रहे हैं। हालात को देखते हुए सेना के जवानों को न्यायिक शक्तियां दे दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है




कि सेना के जवान इस अधिकार का दुरुपयोग नहीं करेंगे। एक अन्य सलाहकार ने कहा, पुलिस अभी तक ठीक से काम नहीं कर पाई है। शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से कई पुलिसकर्मी सड़कों पर नदारद हैं। हसीना सरकार के गिरने से पहले और तुरंत बाद पुलिस को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। भीड़ ने उनके वाहनों और संपत्तियों में आग लगा दी।

पुलिसकर्मियों पर हिंसा को देखते हुए बांग्लादेश पुलिस अधीनस्थ कर्मचारी संघ ने छह अगस्त को अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी। हालांकि, 20 अगस्त को गृह मंत्रालय के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन के साथ बैठक के बाद हड़ताल वापस ले ली गई थी।

# ताइवान में नहीं बुडापेस्ट में बने थे हिजबुल्ला पर हमले वाले पेजर, गोल्ड अपोलो कंपनी का बयान

**ताइपे :** लेबनान में सिलसिलेवार हुए पेजर धमाकों में अब एक नया बयान सामने आया है। यह बयान दिया है ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो ने। बता दें कि इसी कंपनी के पेजर में मंगलवार को विस्फोट हुए, जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और करीब तीन हजार लोग घायल हैं।

कंपनी ने कहा है कि जिन पेजर्स में धमाके हुए उनका निर्माण ताइवान में नहीं बल्कि बुडापेस्ट की एक कंपनी द्वारा किया गया।

मंगलवार को लेबनान में पेजर्स में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में नौ लोगों की मौत हुई है और करीब तीन हजार लोग घायल हुए हैं। इस हमले में हिज्बुल्ला के लड़ाके निशाने पर थे।

**ताइवान की कंपनी का दावा- बुडापेस्ट में बने ये पेजर्स :** जिस कंपनी के पेजर्स में धमाके हुए अब उस ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो का




बयान सामने आया है। इस बयान में कंपनी ने बताया कि जिन पेजर्स में धमाके हुए उनका निर्माण बुडापेस्ट की एक कंपनी द्वारा किया गया था और इन पेजर्स पर सिर्फ ब्रांड के नाम का इस्तेमाल किया गया था। यूरोपीय कंपनी के पास ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो के नाम से उत्पादों का निर्माण करने का लाइसेंस है। गोल्ड अपोलो के संस्थापक और अध्यक्ष चिंग-कुआंग ने ताइपे में मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिन पेजर्स में धमाके हुए हैं।

उनका निर्माण हमारे द्वारा नहीं किया गया है, ब्लकि उन पर सिर्फ हमारा ब्रांड नाम था।

### महीनों से तैयारी कर रहा था इस्राइल?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान के अधिकारियों ने दावा किया है कि इस्राइल द्वारा कई महीनों से हिज्बुल्ला के खिलाफ हमले की तैयारी चल रही थी।

हिजबुल्ला ने ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो को करीब पांच हजार पेजर्स का ऑर्डर दिया था। जो बीते दिनों ही लेबनान पहुंचे थे। ट्रैक किए जाने के डर से हिजबुल्ला के लड़ाके पुराने जमाने के पेजर्स इस्तेमाल कर रहे थे। लेबनान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि जब पेजर्स का निर्माण किया जा रहा था, उसी वक्त मोसाद ने पेजर्स के अंदर एक बोर्ड लगाया था। जिसे पर विस्फोटक पदार्थ लगा था।


जैसे ही इस बोर्ड के जरिए पेजर को कोड मिला, तो इन पेजर्स में विस्फोट हो गया। खास बात ये है कि पेजर्स में लगा बोर्ड इस तरह का था कि उसे स्कैनर में पकड़ पाना बेहद मुश्किल था।

# फ्लोरिडा में 11 साल का छात्र अपने पास हथियारों की मार रहा था डींगे, गोलीबारी की भी दी धमकी; पुलिस ने दबोचा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में 11 साल के एक लड़के को पुलिस ने गोलीबारी की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। लड़के के पास से हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद हुआ है, जिसे देखकर पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

### छात्रों के सामने मार रहा था डींगे

वोलुसिया काउंटी के शेरिफ माइक चिटवुड ने बताया कि 11 साल के कार्लो किंगस्टन डोरेली ने अपने साथ सहपाठियों को हथियारों का एक वीडियो दिखाया था और धमकी दी थी। वह अपने पास हथियारों का विशाल जखीरा होने तथा दो अलग-अलग स्कूलों में हमला करने की साजिश रचने की योजना के बारे में





डींगे मार रहा था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एयरसॉफ्ट राइफल, पिस्तौल और नकली गोला-बारूद के साथ-साथ चाकू, तलवार और अन्य हथियार जब्त किए।

**अब कह रहा मजाक था... :** अधिकारी ने सोमवार को बताया कि लड़के ने नामों और लक्ष्यों की एक सूची तैयार की थी। हालांकि, पूछताछ करने पर उसने कहा कि यह सब एक मजाक था।

**इन स्कूलों को निशाना बनाने की दी थी धमकी :** माइक चिटवुड ने कहा, 'हमने वादे के अनुसार क्रीकसाइड मिडिल स्कूल के एक छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। उसने क्रीकसाइड या सिल्वर सैंड्स मिडिल स्कूल में गोलीबारी करने की धमकी दी थी। इतना ही नहीं 11 साल के लड़के ने नामों और लक्ष्यों की एक सूची भी तैयार की थी। हालांकि, अब छात्र का कहना है कि यह सब एक मजाक था।'

### लड़के को गिरफ्तार करने का वीडियो जारी

शेरिफ ने डोरेली पर सामूहिक गोलीबारी की धमकी देने का आरोप लगाया। साथ ही एक वीडियो जारी किया, जिसमें अधिकारियों को लड़के को जेल ले जाते हुए दिखाया गया

**अधिकारी ने पहले ही बच्चों पर कार्रवाई करने की दी थी चेतावनी :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 11 साल के लड़के की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है। जब कुछ दिनों पहले शेरिफ ने जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में हुई।

घातक गोलीबारी के बाद झूठी सूचना मिलने के बाद शरारतपूर्ण धमकी देने वाले बच्चों को सबक सिखाने का वादा किया था।

## ब्राजील में सियासी घमासान

# लाइव बहस में उम्मीदवार ने विरोधी नेता पर कुर्सी से किया हमला, कहा- पुराने जख्म

साओ पाउलो : ब्राजील आजकल काफी चचाओं में है। दरअसल, यहां के साओ पाउलो में मेयर पद के लिए हो रही लाइव डिबेट में एक उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंदी पर कुर्सी से हमला कर दिया। घायल प्रत्याशी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

घटना 15 सितंबर यानी रविवार की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये बहस वामपंथी उम्मीदवार जोस लुईज दातेना और दक्षिणपंथी नेता पाब्लो मार्सेल के बीच हो रही थी। मार्सेल ने दातेना पर यौन उत्पीड़न से जुड़े 11 साल पुराने मामले पर टिप्पणी की। इससे गुस्साए वामपंथी उम्मीदवार ने अचानक मेटल की कुर्सी उठाई और मार्सेल पर हमला कर दिया। इसके बाद दातेना को बहस



से हटा दिया गया था। वहीं, उन्होंने सोमवार को कहा कि उन्होंने गलती की थी, लेकिन उन्हें अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। मार्सेल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। अस्पताल ने बताया कि उनके सीने और कलाई में चोट लगी है। स्थिति उतनी गंभीर नहीं है।

**ट्रंप पर हुए हमले से तुलना की :** मार्सेल ने कुर्सी पर हुए हमले की तुलना पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जुलाई में की गई हत्या की कोशिश और 2018 के चुनाव के दौरान ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर चाकू से किए गए हमले से की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तीनों हमलों का वीडियो साझा किया है।

# 18 घंटे काम के बाद बाइक पर झपकी लेने के दौरान डिलीवरी एजेंट की मौत, वीडियो वायरल होने के बाद बवाल

**बीजिंग।** चीन में फूड डिलीवरी करने वाले एक 55 वर्षीय व्यक्ति की 18 घंटे काम करने के बाद बाइक में झपकी लेने के दौरान मौत हो गई। यह घटना इस महीने की शुरूआत में दक्षिणी चीन के झेजियांग प्रांत के हांग्जो में घटी। इस घटना का वीडियो चीनी सोशल मीडिया साइट पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद देश भर में डिलीवरी एजेंटों के कल्याण और कानूनी अधिकारों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। एक गवाह ने बताया कि फूड डिलीवरी वाला व्यक्ति अपने वाहन पर रात के नौ बजे से अगले दिन दोपहर के एक बजे तक वहीं लेटा हुआ था। एक दूसरे डिलीवरी एजेंट ने उसे देखा। मृतक की पहचान युआन के तौर पर की गई है। वह अपने काम के लिए मशहूर था, लोग उसे ऑर्डर किंग के नाम से जानते थे। युआन दिनभर में 500 से 600 युआन (5000-7000 रुपये) तक कमाता था। बारिश के दिनों में वह 700



युआन कमाता था।

### झपकी लेने के दौरान चली गई जान

एक व्यक्ति ने बताया कि ऑर्डर किंग कभी-कभी सुबह के तीन बजे तक काम करता था और सुबह के छह बजे उठकर फिर से काम में लग जाता था। जब उसे थकान महसूस होती तो वह अपनी बाइक पर थोड़ी देर झपकी ले लेता था। इसके बाद वह फिर से अपने काम में लग जाता। युआन के एक सहकर्मी ने बताया कि मौत से एक महीने पहले 55 वर्षीय ऑर्डर किंग का एक दुर्घटना में पैर फ्रैक्चर हो गया था। 10 दिन आराम करने के बाद वह अपने काम पर लौट गया था और दो हफ्ते बाद ही उसकी मौत हो गई।

सहकर्मी ने बताया कि युआन कमाने के लिए यहां आए थे। इसके साथ वह अपने 16 वर्षीय बेटे की मदद के लिए काम कर रहे हैं। युआन का बेटा हांगझू में पढ़ाई कर रहा है। उसका एक बड़ा बेटा भी है, जिसकी शांदी हो चुकी है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए युहांग जिले में जियानलिन उप-जिला कार्यालय ने एक बयान जारी किया।

उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि इमरजेंसी उपचार के बावजूद युआन की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आलोचना होने लगी। लोगों ने पूछा कि इन घटनाओं से बचने का कोई रास्ता नहीं है? वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि वह अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाला था। उसकी आत्मा को शांति मिले।

# ईरानी विदेश मंत्री ने पेजर धमाकों के लिए इस्राइल को ठहराया दोषी; लेबनानी समकक्ष से फोन पर की बात

**तेहरान।** लेबनान और सीमावर्ती सीरिया के कुछ इलाकों में पेजर में सिलसिलेवार ब्लास्ट होने से अफरा-तफरी का माहौल है।

मंगलवार को हुए सीरियल ब्लास्ट की पूरी दुनिया में चर्चा है। पेजर्स धमाकों में लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल हुए हैं। इसी को लेकर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बू हबीब से फोन पर बातचीत की।

अरागची ने हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया। उन्होंने इसे इस्राइली आतंकवाद करार दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अराघची ने राजदूत मोजतबा अमानी की हालत के बारे में भी पूछा। साथ ही उनके बेहतर इलाज के लिए लेबनान का आभार जताया। उन्होंने पीड़ितों के साथ रहने और उनकी सहायता करने की इच्छा जताई।

**लेबनान के विदेश मंत्री का जताया आभार :** ईरानी विदेश मंत्री





अब्बास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'लेबनानी समकक्ष अब्दुल्ला बू हबीब के साथ की गई बातचीत में इस्राइल के आतंकवाद की कड़ी निंदा की। पीड़ितों के साथ एकजुट रहने और किसी भी प्रकार की सहायता करने की इच्छा जताई, जिसमें एक 10 साल का बच्चा भी शामिल है।

हमारे घायल राजदूत के इलाज के लिए आभारी हूं। इसके अलावा, लेबनान सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत पर जोर दिया।'

### अमानी की पत्नी से भी की बात

अराघची ने मोजतबा अमानी की पत्नी से भी बात की, उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए ईरान के सहयोग का आश्वासन दिया तथा तेहरान में वापस लाने के लिए सहायता की पेशकश

## हरदीप पुरी-ज्योफ्री प्याट ने की उर्जा सहयोग की समीक्षा

**ह्यूस्टन।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री ज्योफ्री प्याट के साथ मौजूदा ऊर्जा सहयोग की समीक्षा की। इस दौरान दोनों नेताओं ने न्यायसंगत और व्यवस्थित ऊर्जा संक्रमण के लिए ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों का



पता लगाने के लिए सहमति जताई। बैठक में मंत्री पुरी और प्याट ने चर्चा की कि कैसे भारत और अमेरिका के संस्थानों और कंपनियों के बीच सहयोग के कारण ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत हो रहा है। पुरी और ज्योफ्री की यह मुलाकात ह्यूस्टन में गैसटेक 2024 के दौरान हुई।

अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री ज्योफ्री के साथ अपनी मुलाकात का विवरण हरदीप सिंह पुरी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया।




# सदस्यता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना भाजपा का मकसद : सांसद अतुल गर्ग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हम सदस्य उन लोगों को बना रहे हैं जो राष्ट्रवाद से जुड़े हुए हैं। एक कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद अतुल गर्ग ने यह बात कही। कार्यक्रम का आयोजन राजीव गुप्ता के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम पटेल नगर के वार्ड नंबर 19 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरती बतला, शहर मंडल के अध्यक्ष शिरोमणि त्यागी, मीणा गांधी, महेश त्यागी, कैलाश, जितेंद्र गोयल, रमेश चंद्र बंसल, अनुराग अग्रवाल, रोहित चौहान, विपिन, संदीप, वैभव गोयल, बालक राम, संजय जाटव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के नेता क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने किया। बूथ पर भारी संख्या में सदस्यता दिलाई गई। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद जनपद के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हाजी अली, भाजपा नेता राकेश त्यागी, संदीप त्यागी मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए स्थानीय सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सदस्यता बढ़ाना कोई भीड़ इकट्ठी करने जैसा मकसद नहीं है। राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना भाजपा का असली मकसद है। आज दुनिया के तमाम देश भारत को किसी न किसी तरह से तोड़ना चाहते हैं। हमको प्रधानमंत्री के साथ खड़ा होना है ताकि भारत की तरफ कोई आंख उठाकर ना देख पाए। ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्य बनें और इस मकसद को भी समझें कि भारतीय जनता पार्टी ने यह अभियान क्यों शुरू किया है। भाजपा है तो राष्ट्रवाद है, भाजपा है तो देश जिंदा है, भाजपा है तो अपराध का खात्मा है, भाजपा है तो हिंदू सनातन और हिंदू संस्कृति है। इस अवसर पर आप सभी से अनुरोध करना चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्य बनें।

# सांसद अतुल गर्ग, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

## ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं को मोटरसाइकिल हेल्मेट और जूस पिलाकर किया गया सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के निमित्त 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के आयाम चलाए जा रहे हैं।

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने रक्तदान शिविर का आयोजन सरकारी अस्पताल नाईपुरा 100 फुटा रोड लोनी विधानसभा गाजियाबाद में किया। रक्तदान, ब्लडप्रेशर और शुगर व अन्य सभी प्रकार की जांच कि गईं जिसमें मुख्य रूप से गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला महामंत्री राजेन्द्र वाल्मिकी, जिला मंत्री अजय गर्ग, अश्वनी कुमार, विपिन मावी, हिमांशु लौहरा, राम अवतार शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, सभासद के अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष कृष्ण बंसल, सुदेश भारद्वाज, मांगेराम मावी, राहुल मावी, सम्राट पृथ्वीराज सिंह, मोहित राजपूत, अंकित पंडित, अंकित चिरचिटा, मनोज खटीक, अमित सेठ, लाला पंडित, रिंकू पंडित, जिला मंत्री जितेंद्र गुप्ता, सत्येन्द्र बंसल, अशोक शर्मा, अतुल जैन, सूरज भगेल, सोनू चौहान आदि। भाजपा युवा मोर्चा जिला के पदाधिकारी एवं मंडलों के पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं को मोटरसाइकिल हेल्मेट और जूस देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, विधायक नंदकिशोर गुर्जर और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने रक्तदान देकर शुभारंभ किया।

# धौलाना तहसील पर हो रहा है जमीनी कार्यों में भ्रष्टाचार प्रेसवार्ता कर लगाया गया आरोप



## प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता ने लगाया धौलाना तहसील पर आरोप

## शिकायतों की जांच के बाद भी नही हो रही अधिकारियों पर कार्रवाई

**धौलाना,संवाददाता।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार रोकने एंव भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियो के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति बनाकर लगाम लगाने मे जुटे हुए है लेकिन जीरो टॉलरेंस नीति हापुड में पूरी तरह अमल नहीं हो रहा है। जिसके कारण धौलाना तहसील में हुए भूमि घोटाले एंव भ्रष्टाचार करने की वालों के खिलाफ क्षेत्रीय विधायक समेत सांसदो ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर मुख्यमंत्री ने भूमि घोटाले समेत भ्रष्टाचार करने वाले अधिकरियो के खिलाफ एसआईटी गठित समेत प्रमुख सचिव को जांच सौंपी थी। जिसपर आयुक्त मेरठ के नेतृत्व मे टीम ने भूमि घोटाले एंव भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियो के खिलाफ जांच रिपोर्ट भेज दी गई लेकिन आरोप है कि अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट दबा रखी है। जिसके कारण भूमाफिया और भ्रष्टारियों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता आदित्य कुमार उर्फ अतुल गहलौत के साथ दीपक राणा फगौता व प्रवीन तोमर खेडा ने बताया कि पूर्व सासंद रमेश चंद तोमर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भू-माफियाओ के खिलाफ एसआईटी गठित कराकर कार्रवाई की मांग थी। जिसपर जिसमे अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसमें भ्रष्ट को भू-माफियाओ से मिलकर सरकारी जमीन मे भ्रष्टाचार किया गया। जिसकी जांच शासन मे जांच रिकॉर्ड रूम में धूल फांक रही है। राज्यसभा सासंद अनिल अग्रवाल ने भी आरोप लगाया है कि प्रशासन के संरक्षण के चलते गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत नामदर्ज अभियुक्त द्वारा रिकार्डो में हेरा फेरी की जा रही है। फर्जी पत्रावली रिकॉर्ड रूम में दाखिल कर दी जाती है और प्रशासन व भष्टाचारियों की मिलीभगत के चलते 30 से 35 वर्ष पुराने फर्जी पट्टे बनाकर उन्हें भूअभिलेखों में दर्ज करा दिया जाता है।

भू अभिलेखों में दर्ज करने से पूर्व अधिकारियों द्वारा पट्टो की सत्यता की कोई जांच नहीं की जाती न ही उत्तर प्रदेश राजस्व मेनुअल 39 के अनुसार फर्जी आदेशो की जांच की जाती है । जिस कारण सरकार की करोडो की जमीन भूमाफिया व अधिकारी वर्ग की मिलीभगत से बेच कर धन कमाया जाता है। क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कस्बा धौलाना समेत देहरा की सरकारी करोडो रूप की भूमि पर अवैध कब्जा करने एंव भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिसकी जांच मे जांच टीम को देहरा के खसरा नंबर 238 मि० व 254 के संबंध के गई शिकायत पर उक्त नंबरों में भूमाफियाओं का कब्जा पाया गया था जिससे प्रशासन द्वारा हटाया गया है परन्तु सरकारी जमीन बेच कर धन अर्जन करने वाले दोषी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जब परिवार के फूल सफलता प्राप्त करते हैं तो सबसे ज्यादा खुशी परिवार रूपी पेड़ की जड़ो यानी परिवार के बुजुर्गो को होती है। कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी की ग्रांड डॉटर मायरा राठी ने लंदन में सफलता की सीढ़ी पर कदम रखा तो खुशी को तीसरी पीढ़ी ने महसूस किया। एक संदेश एक विरासत एक खुशी के अहसास को समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको दे रहा हूं शहर विधानसभा सीट पर भाजपा की तैयारियों की लेटेस्ट जानकारी? शहर विधानसभा में आने वाले पांच मंडलों पर भाजपा ने सौंप दी है चार मंत्रियों और एक वेस्टर्न पदाधिकारी को जिम्मेदारी? शहर मंडल पर मंत्री सुनील शर्मा, गांधीनगर में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विजय नगर में मंत्री नरेन्द्र कश्यप, क्रासिंग में मंत्री बृजेश सिंह को सौंपी गई है कमान? प्रताप विहार में माहौल बनाने का मिला है हरिओम शर्मा को काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्टी के आ रहे हैं लगातार आयाम, और उस पर एक ही दिन में मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के लग रहे हैं प्रोग्राम? ऐसे में सदस्यता पर मजबूत माहौल बनाना भी है कमांडर के लिए चुनौती का पैगाम? सुना है इन्ही व्यस्तताओं के बीच गाजियाबाद पूरे प्रदेश में खिसक कर आ गया है आठवें स्थान? विरोधियों ने रेटिंग पर पल-पल नजरें जमाई हुई हैं? भगवा कमांडर को फिर देना होगा मजबूती से पैगाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं इस बात को कहूंगा तो किसी के समर्थकों और किसी के विरोधियों के दिल में चुभ जायेगा शूल? मेरी थी मंच पर बारीक नजर? मुझे दिखाई दे रहे थे सांसद अतुल गर्ग के हाथ में दो-दो गुलाब के फूल? उन्होंने फूलों में से कांटे निकालने का दिखाया अंदाज? मैंने देखा उन्होंने जनरल साहब को स्माईल करके दिया गुलाब का फूल? ये दृश्य था बहुत ही खास? देखना अब ये है कि इस प्रक्रिया के बाद क्या आयेगी कोई नई चहक? क्या गर्ग साहब का फूल बिखेरेगा कोई महक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मंच पर पूरा फोकस कर रहा था यार? वो क्या कह रहे थे इसको भी सुनने के लिए मेरे कान थे बेकरार? तीन बार उन्होंने पूर्व सांसद एवं मंत्री जनरल वीके सिंह और दो बार उन्होंने पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर का लिया अपने मुख से नाम? जो देना था दे दिया उन्होंने देने वालों को पैगाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात आप लिखकर रख लो हमारी? कोई कुछ भी कहे अक्टूबर में हो जायेगी विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी? नवंबर में शहर सीट को मिल जायेगा नया विधायक? अब तो लड़ाई जैसे तैसे टिकट हासिल करने की है? देखते हैं पार्टी किसको समझेगी इस लायक? कहने वाले ने कहा कि हर कोई लगा रहा है पूरा जोर? एक पुराना चेहरा तो मान चुका है अपना टिकट श्योर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैंने मंच से लेकर कार्यकर्ताओं वाले कार्यक्रम में एक देखी अजीब सी बात? मौजूदा वाले पूर्व वालों को बहुत ज्यादा इग्नोर कर रहे थे साहब? हमने देखा मंच पर जब जनता के अभिवादन की बारी आई तो आ गये वो पूर्व वालों के सामने? ऐसा ही कुछ उन्होंने कराया कार्यकर्ताओं की मीटिंग में भी एहसास? ये देखकर मुझे बहुत अजीब लग रहा था? मैं हो रहा था बहुत ज्यादा नाराज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गोयल साहब ने संगठन से मांग ली है बूथ लेवल तक जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं की लिस्ट? सुना है वो देने जा रहे हैं किसी बड़े कार्यक्रम को अंजाम? बताया जा रहा है इस आयोजन में आनी है पांच हजार लोगों की संख्या? बहुत ही मजबूती से तैयार हो रहा है प्रोग्राम? ये कार्यक्रम राजनीतिक है या सामाजिक? इस बारे में नहीं है मुझको जानकारी? मगर जब से उन्होंने मांगी है बूथ तक के कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट? तब से चर्चाएं शुरू हो गई हैं बहुत सारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही गागर में सागर भरने वाले भगवा नागर नहीं दिख रहे हों अपने प्रिय रैड फेस मैन यादव जी के साथ? मगर सुना है आजकल उनकी गाड़ी दिल्ली के खूब चक्कर लगा रही है बेहिसाब? इन चक्करों में वो नहीं ले जा रहे हैं यादव जी को अपने साथ? पता चला है कि उनकी गाड़ी की लोकेशन रहती है दिल्ली के द यूनियन गलियारों के आस-पास? नागर जी ने उठा ली है वो लाठी? जिसकी नहीं सुनाई दे रही है आवाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बिजनौर, मुजफ्फरनगर और बागपत से सरकारी पदों को घोषणा करने के लिए तैयार हुई थी एक लिस्ट? सुना है ये लिस्ट हो गई किसी वजह से होल्ड और आ गया स्टोरी में ट्विस्ट? सुना है हैडपम्प वालों ने कहा जब एक साथ निकाल रहे हैं हम हैंडपम्प से गठबंधन का पानी? तो फिर सरकारी पदों पर तैयार होनी चाहिए हमारी भी कहानी? सुना है इस बात को हाईकमान वालों ने भी किया है स्वीकार? जब होगी सरकारी वाली सूची की घोषणा? तब उसमें हैंडपम्प वालों के भी होंगे दीदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा वर्मा जी हमेशा करते हैं कायदे की बात? वो कायदे के सामने नहीं देखते हैं कोई भी फायदा? उनका ऐसा होता है अंदाज? सुना है जब मंच पर पूर्व वाले पाना चाह रहे थे प्रथम पंक्ति में स्थान? तब वर्मा जी ने इस बात पर खींचा सबका ध्यान? कहा हमें पार्टी के पैटर्न को तवज्जों देनी होगी? इतिहास में पूर्व वाले पीछे और वर्तमान वाले आगे बैठे हैं? इस हिसाब से ही सबको जगह देनी होगी?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।


# नगर अध्यक्ष के साथ चौकी प्रभारी द्वारा मारपीट करने का आरोप डीसीपी ऑफिस पर प्रदर्शन

## हिन्दू जागरण के कार्यकर्ताओं की मांग दरोगा निलंबित हो



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के मोदीनगर में मुरादनगर के कस्बा पुलिस चौकी में देर रात हिन्दू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनुभव शर्मा को मुर्गा बनाकर मारपीट करने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को डीसीपी ग्रामीण का घेराव का जमकर हंगामा किया। उनकी मांग थी कि चौकी प्रभारी को तुरन्त निलम्बित किया जाए।

डीसीपी ग्रामीण ने एसीपी मसूरी सर्किल को इस मामले की जांच दी है। हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष नितिन शर्मा ,नीरज शर्मा व युवा जिला प्रमुख सुबोध कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर बुधवार दोपहर दो बजे के आसपास दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मुरादनगर स्थित डीसीपी ग्रामीण कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि मुरादनगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी और हिन्दू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनुभव शर्मा का किसी बात को लेकर किसी से विवाद हो गया था। दोनों पक्ष कस्बा चौकी पहुंचे और समझौता हो गया। उनका आरोप है कि चौकी प्रभारी ने अनुभव शर्मा के साथ देर रात एक बजे के आसपास पुलिस चौकी परिसर में चौकी प्रभारी ने जमकर मारपीट कर अभद्रता की। इतना ही नहीं अनुभव शर्मा को तीस मिनट तक मुर्गा भी बनाकर रखा गया। कार्यकताओं का कहना है कि यदि कोई बात तो चौकी प्रभारी को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्होंने चौकी प्रभारी को तुरन्त हटाने की मांग की। चौकी प्रभारी के ना हटने पर बडे स्तर पर आंदोलन करने की धमकी दी है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।